मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि इस प्रश्न को हमें पूरी तरह से सोचना है क्योंकि इसके साथ न केवल भारतवर्ष के अल्प संख्यकों की सुरक्षा का प्रश्न जुड़ा है, न केवल पूर्वी पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का प्रश्न जुड़ा है, बल्कि इसके साथ साथ एक बहुत बड़ा अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति का प्रश्न जुड़ा है जिस को हमें राजनयिक दृष्टि से देखना चाहिए और उसको समझ कर हमें अपनी नीति का निर्धारण करना होगा । हमें यह देखना होगा कि ये दंगे और यह लूटपाट और मारकाट वैसी नहीं हैं जैसी कि सन् १९४७ से पहले हुआ करती थी । उस समय कहा जाता था कि हम अंग्रेजों के उकसाने के कारण लड़ जाते थे कहीं, छोटी मोटी वारदात हो जाती थी और फिर अंग्रेज अगर उसको बढ़ाना चाहते थे तो वह बढ़ जाती थी और घटाना चाहते थे तो घट जाती थी । वह अलग बात थी । वे दंगे पाकिस्तान बनाने के लिए, पाकिस्तान की मांग को मजबूत करने के लिए होते थे और चूंकि उस समय हम शासन में नहीं थे इसलिए हम उनके बारे में चाहे जैसे बयान दे सकते थे । लेकिन आज हमारे ऊपर एक जिम्मेदारी है और यह जिम्मेदारी हमने स्वयं अपने ऊपर ली है । जब हम ने कहा कि हम अपने देश में एक धर्म निरपेक्ष प्रजातंत्री शासन की स्थापना करना चाहते हैं तो हमारा उद्देश्य यही था कि पाकिस्तान चाहे अपने देश में कुछ भी करे हम अपने देश में अपने आदर्श का पालन करेंगे हमने कभी अपनी नीति को पाकिस्तान की नीति के साथ नहीं जोड़ा ।

पाकिस्तान ने दो राष्ट्रों के सिद्धान्त को मानने के लिए हमें मजबूर किया पर हम ने उस सिद्धान्त को नहीं माना । हम को विभाजन करना पड़ा, मजबूरी से, और उसकी जिम्मेदारी चाहे जितना भी कोई कहे किसी एक व्यक्ति पर चाहे वह गांधी जी या पंडित जी या सरदार पटेल ही क्यों न हों या किसी एक पार्टी पर चाहे वह कांग्रेस हो या मुस्लिम लीग हो, नहीं लादी जा सकती । वह सारे देश की जिम्मेदारी थी क्योंकि देश उस समय के दंगों को ठीक तरह से संभाल नहीं सका और ब्रिटिश शासन के रहते हुए हमें पाकिस्तान को मानना पड़ा । अब पाकिस्तान बन जाने के बाद और अपने देश में इतने करोड़ अल्पसंख्यकों को रख लेने के बाद हमारी यह नैतिक जिम्मेदारी है कि हम उन की रक्षा करें और यदि हम उनकी रक्षा पूरी तौर से कर लेते हैं तो दुनिया के मंच पर हमारा पक्ष बलशाली हो जाता है और विश्व के अन्य राष्ट्र भली प्रकार यह समझ सकते हैं कि भारत पाकिस्तान से इस मामले में सर्वथा भिन्न है ।

उपाध्यक्ष महोदय, अभाग्यवश हमारे देश में, इधर कलकत्ते आदि में, जो थोड़े उपद्रव आदि हुए उन के लिए यह कहा गया है कि दूसरे लोगों ने तनाव पैदा कराया पाकिस्तान के एजेंटों ने यह दंगे और शरारतपूर्ण हरकतें उकसायी । मैं इस बात को मानता हूं कि इनके पीछे पाकिस्तानी एजेंटों का हाथ हो सकता है । पाकिस्तान के किसी आदमी ने आ कर पाकिस्तान के किसी एजेंट ने आ कर या देश में रहने वाले किसी ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों जिनके मन में पाकिस्तान की मदद करने का स्वप्न रहा हो उन्होंने कोई ऐसी भड़काने या उकसाने वाली कोशिश की हो । लेकिन जब वह चीज बढ़ती है और व्यापक रूप धारण करती है तो उसकी जिम्मेदारी इस देश के शासन और इस देश के सभी लोगों पर आ जाती है । हम इस मामले को इस दृष्टि से देखें । इसीलिए हमारे गृह मंत्री जी ने यह कहा कि हम इस देश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेते हैं और हल करते हैं

[श्री महेश दत्त मिश्र]

जितने भी कड़े से कड़े कदम उठाने अपेक्षित होंगे वे हम उठायेंगे । उन्होंने कड़े कदम उठाये और उन शरारती कार्यवाहियों और उपद्रवों को थोड़े ही समय में समाप्त कर दिया । उस की सारे देश ने सराहना की । पर हमारे देश में कुछ साम्प्रदायिक तत्व ऐसे हैं जिन्होंने नन्दा जी के क़दमों की भर्त्सना की और यही वह तत्व हैं जोकि पाकिस्तान को एक प्रकार से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बल देते हैं । जहा तक हमारे देश का सम्बन्ध है हम पाकिस्तान की नकल नहीं करना चाहते । हमारा एक धर्मनिरपेक्ष राज्य है । हो सकता है कि पाकिस्तान अपने देश में अल्पसख्यकों की मारकाट करने का प्लान बनाये । उस के ऊपर हम को सजग रहना है और सतर्क रहना है । हम को देखना होगा और यह सिद्ध करना होगा कि दुनिया के वातावरण में पाकिस्तान की नीति किस प्रकार चल रही है ।

हम बंगाल के भाइयों की जो भावनाएं हैं उन की क़द्र करते हैं । मैं समझता हूं कि चूंकि उनके वह नजदीक का प्रश्न है इसलिए उनका उत्तेजित हो जाना स्वाभाविक है । यदि हम इस देश में एक भी दंगा न होने दें एक भी मामला न होने दें एक भी अल्पसंख्यक के ऊपर किसी प्रकार की वारदात न होने दें अगर कोई एजेंसी के नाम पर कोई विदेशी एजेंट के नाम पर कुछ करता है तो हम उस मामले को वहीं का वहीं दबा सकें क्लिच कर सकें तब हमारे पास वह नैतिक बल होगा कि हम पाकिस्तान के बारे में अन्तर्राष्ट्रीय परिषद् में जा सकते हैं । अन्तर्राष्ट्रीय परिषद् अगर उस का निबटारा न करे तो हम पाकिस्तान पर चढ़ाई भी कर सकते हैं । उस हालत में अल्पसख्यकों की रक्षा के लिए हम पाकिस्तान के खिलाफ जो भी उठा सकते हों वह उठायें । लेकिन अपने देश में भी कुछ हो जाता है

place there, care to ser Mahatma

और हमारी जनता हमारा जनमानस और हमारे अफसरान हमारे सब लोग मिल कर उस गड़बड़ या साम्प्रदायिक उपद्रव को दबा नहीं पाते हैं क्योंकि जिम्मेदारी, उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस में न सिर्फ सरकार की मानता हूं न केवल अफ़सरों की मानता हूं बल्कि मैं उन सारे लोगों की मानता हूं जोकि इस देश में जन मानस को बनाते हैं । मैं स्पष्ट रूप से कह देना चाहता हूं कि हमारे देश में विरोधी पार्टियों के नाम पर विरोधी तत्वों के नाम पर कई लोग साम्प्रदायिकता को भड़काते हैं मैं किसी पार्टी का नाम नहीं लेना चाहता पर मैं जानता हूं कि यहां जो लोग इस तरह की बातें करते हैं उस से कहीं ज्यादा गैर जिम्मेदारी की बात कहीं ज्यादा अल्पसंख्यकों के खिलाफ जहर भड़काने का काम कुछ पार्टियों द्वारा बाहर किया जाता है . . . . .

श्री रामेश्वरानन्द : उपाध्यक्ष महोदय विषयांतर । वक्त महोदय पेश कर, साम्प्रदायिकता की परिभाषा करायें।

श्री महेश दत्त मिश्र : वह मैं साफ कर दूंगा लेकिन आज इतना समय नहीं है । मैं कह रहा था कि बाहर जिस तरीक़े से प्रचार होता है जिस तरीक़े से कुछ अखबार लिखते हैं अगर हम उस के बुरे असर से लोगों को बचा नहीं पाये तो स्वाभाविक है कि हमारी फौज हमारी पुलिस या हमारे थोड़े से लोग जोकि धर्मनिरपेक्षता के काम करते हैं वह कुछ अधिक नहीं कर सकेंगे । इसलिए सारे मुल्क को सामूहिक रूप से यह सोचना है कि हम अपने देश में इस तरह के भड़काव को न आने दें । पाकिस्तान में अगर कुछ होता है तो उस का इलाज दूसरा है । उसका इलाज वही करना चाहिए और उस में मैं स्वामी जी और दूसरे सब मनुष्यों के साथ हो जाऊंगा कि हम लोग पाकिस्तान के खिलाफ जैसे ही कोई घटना हो उस के ऊपर एक दम कार्यवाही करें सीधी कार्यवाही करें और हम सुरक्षा परिषद् में भी न जायें । मैं उसके लिए तैयार

हूं । अपने देश में इतना अच्छा संगठन कर लिया जाये । अगर इस सवाल के ऊपर सारे के सारे दल, सारे के सारे तत्व मिल कर इस बात का फैसला कर लें इस बात की गारन्टी देने को तैयार हों कि हमारे देश में किसी के उकसाने से किसी प्रकार के आदमी के आ कर भड़काने से हमारी जनता नहीं भड़केगी अगर हमारे देश में इस बात का भरोसा हो जाय तो फिर हम बराबर पाकिस्तान के खिलाफ जितना चाहे कह व कर सकते हैं ।

मैं बतला रहा था कि इस घटना का सम्बन्ध केवल हिन्दुस्तान पाकिस्तान से नहीं है बल्कि इस घटना का सम्बन्ध उस सारी नीति से है जोकि हम पिछले १५–१६ वर्षों से बर्तते चले आ रहे हैं । वह नीति यह है कि हम सारी दुनिया में शांति और सहअस्तित्व की स्थापना के लिए जिस तरीके से गुटों से अलग व रखने की नीति चल ते रहे हैं वह कुछ लोगों को पसन्द नहीं है । उन्होंने बराबर हमारे खिलाफ षड्यन्त्र किया शुरू से किया और यही कारण है कि वह साम्राज्यवादी तत्व आज साम्राज्यवाद को तो धीरे धीरे समेटते चले जा रहे हैं लोगों को स्वतंत्रता तो देते चले आ रहे हैं क्योंकि वह उन्हें देनी पड़ रही है परन्तु राजनीतिक स्वतंत्रता देने के बाद इन देशों में खास तौर पर अफ्रीका और एशिया के देशों में वह जातिवाद वर्णवाद और साम्प्रदायिकता को भड़का कर जाते हैं । यहां से लेकर अफ्रीका तक के सारे देशों के इतिहास को आप देख लें तो मालूम पड़ेगा कि वे तत्व जो किसी भी प्रकार से साम्राज्यवाद को हटाने को तैयार नहीं थे वही तत्व उन देशों में जातिवाद वर्णवाद और साम्प्रदायिकता के अंकुर छोड़ कर चले आये । अपने कार्यकाल में उन्होंने पनपाया अपने शासनकाल में उन को पनपाया और अन्त में उन्हें मदद दी । इस को वह तरह तरह से करते हैं । ऐसा करने का एक ही कारण है और वह यह कि वह चाहते हैं कि अफ्रीका और एशिया में साम्प्रदायिकता बढ़े जातीयता बढ़े और वर्णवाद बढ़े ताकि उन देशों में प्रजातांत्रिक व्यवस्था पनपनपाये, समाजवाद न आ सके और धर्मनिरपेक्षता भी न आने पाये । यही कारण है कि वह बराबर उन तत्वों को उभारते हैं । राजनीतिक तरीके बहुत से हैं । हम बराबर चर्चा करते हैं । आज हमारे यहां कुछ लोग हैं जोकि हम को एक गुट्ट में ले जाना चाहते हैं, दूसरे लोग हैं जोकि हमें दूसरे गुट्ट में ले जाना चाहते हैं । उन की मंशा क्या है एक तरफ़ हम स्पष्ट जानते हैं कि हम जिस परिस्थिति में थे, १९४७ से लेकर १९६३ तक, उस में हमारे लिए संभव नहीं था कि हम किसी गुट्ट में जाते । हम ने इसे सीधे तरीके से कहा । हम ने उसके बहुत से कूटनीतिक तत्वों को खुलासा करने की जरूरत नहीं समझी । हम दूसरों को ऐक्सपोज नहीं करना चाहते थे । हम अपनी बात कहना चाहते हैं क्योंकि हम एक पौजिटिव पालिसी में एक वास्तविक नीति में विश्वास करने वाले लोग हैं । हम नाकारात्मक या निगेटिव बात नहीं करना चाहते । लेकिन अगर हम देखें तो हमारी गुट्टों से अलग रहने की जो नीति है वह सफल हुई है । हमारे खिलाफ़ जो वहां पर षड्यंत्र हो रहा है वह इसीलिए हो रहा है कि हम गुट्टों से अलग रह कर एक बड़ी भारी प्रतिष्ठा दुनिया में बना पाये हैं । हम को अगर वहां किसी ने कमज़ोर किया, सुरक्षा परिषद् में हमारे खिलाफ़ किसी चीज़ का उपयोग हो सका तो यह वहीं कलकत्ते आदि में जो थोड़ा बहुत दंगा हुआ, उसका हुआ हालांकि हमारी चीज पाकिस्तान के दंगों के मुकाबले में बहुत थोड़ी थी । पाकिस्तान की लूटमार के मुकाबले में हमारा कलकत्ता का दंगा कुछ नहीं था फिर भी चूंकि वह हो गया, चूंकि हम उसको रोक नहीं पाये, कुछ दिन तक होता रहा इसलिए हमारा पक्ष वहां थोड़ा कमजोर रहा । यह चीज समझने की है । यह बात नहीं है कि पाकिस्तान जो कुछ करता है उस से हम ने कितना कम या कितना ज्यादा किया है बल्कि सवाल यह है कि वह जो कुछ करता है अगर हम उस की नक़ल करते हैं

[श्री महेश दत्त मिश्र]

और हम भी उस की श्रणी में आ जाते हैं। अगर यह नक़ल करने का तरीक़ा चलता है तो हम कहीं के नहीं रहेंगे और सुरक्षा परिषद् में हमारे ख़िलाफ़ जो राजनीतिक दांवपेंच हो रहे हैं, उनको हमें रोक नहीं पायेंगे। इसलिए उपाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहता था कि अगर इस सम्बन्ध में जनमानस साफ़ हो जाय, हमारे यहां के जो साम्प्रदायिक कहलाने वाले लोग हैं, मैं उन को कहलाने वाले लोग कहता हूं, हालांकि आप और हम सब जानते हैं कि कौन साम्प्रदायिक तत्व हैं, कौन हैं जोकि जातियों को कभी एक नहीं होने देना चाहते, कौन हैं जो उन के बीच के भेद डिफ़रेंसेज़ बढ़ाना चाहते हैं ? वे लोग अल्पसंख्यकों के बारे में लगातार यह कहते हैं कि यह लोग पंचमार्गी हैं। यह कभी हमारे नहीं हो सकते। उन का राष्ट्रीयकरण करना चाहिए। अब भाई राष्ट्रीयकरण कैसे होता है ? क्या कोई भी अल्पसंख्यक वर्ग का आदमी आपकी पार्टी में आ जाने के बाद राष्ट्रीय हो जाता है और दूसरी पार्टी में रहने से अराष्ट्रीय हो जाता है ? उपाध्यक्ष महोदय, मैं यही बात कहना चाहता था कि अगर दुनिया में जो कूटनीति चलती है उसे छोड़ कर चलेंगे तो हम में मज़बूती आयेगी और हम अपने मानस को साफ़ कर सकेंगे और तब हम दुनिया के सामने सिर ऊंचा कर के चल सकेंगे। इसके लिए हमें हिन्दुस्तान के भीतर शांति स्थापित करनी होगी जिसके कि लिए मैं दो, तीन बातें पौजिटिव स्टैप्स के रूप में कहूंगा।

यह तो ठीक है कि जब कोई मारकाट होती है, जब कोई वातावरण भड़कता है तब हम उस को पूरी तौर से सम्हाल नहीं पाते। अगर हम उस को दबाने के लिए सख्त क़दम उठाते हैं तो हमारी जनता में जो बहुत से विरोधी तत्व हैं और जन में साम्प्रदायिक कहलाने वाले लोग भी साथ हो जाते हैं, हम जो सारे शहर में शांति स्थापित करना चाहते हैं पर यह जो मारकाट और शांति स्थापित करने के बीच का समय है उस में हम कोई फौलो अप प्रोग्राम नहीं पाते हैं जिससे कि जातियों में परस्पर सद्भाव बढ़े और जातियों के बीच का परस्पर वैमनस्य और परस्पर अविश्वास दूर हो। आज भी हमारे देश में लोग जातियों के हिसाब से अलग अलग इलाकों में रहते हैं। मैं मानता हूं कि यह भी संभव नहीं है कि उन को सबको निकाल कर एक जगह से दूसरी जगह ले जायें और सब को मिला जुला दें। पर यदि उनके बीच में लगातार परस्पर मेलजोल बना रहे, एक दूसरे को समझते रहे, एक जाति दूसरी जाति से मिलती रहे तो सम्भव है कि ऐसे मौकों पर जो नाज़ुक परिस्थिति पैदा होती है, तो सब लोग मिल कर एक दूसरे को बचा लें। इसलिए हम को इस बात का प्रबन्ध करना है कि हमारे देश में जातीय एकता बढ़े, जातीय मेल जोल बढ़े, परस्पर सद्भावना बढ़े।

इतना कह कर मैं आप के आदेश को मानते हुए केवल यह और ही कह देना चाहता हूं और मेरी अन्तिम बात यही है कि हम अपने प्रत्येक प्रश्न को अन्तर्राष्ट्रीय संदर्भ में देखने का प्रयत्न करें। आज हम दुनिया में अकेले नहीं हैं। हम को अपने आस पास के सारे मुस्लिम, ईसाई बौद्ध आदि मतावलम्बियों को एक साथ जोड़ कर चलाना है और उस संदर्भ में कोई भी पार्टी या कोई भी दल का नेता यह नहीं कह सकता है कि हम इस देश में केवल हिन्दुओं के ही हित की बात करेंगे और दूसरे लोगों पर अविश्वास कर के चलेंगे। इस अविश्वास के वातावरण को हमें दूर करना होगा तब जा कर हम दुनिया में अपनी इज्ज़त कायम रखेंगे। यह इज्जत वह है जो कि हमारी पुरानी सभ्यता के वातावरण में पनपी है, यह इज्जत वह है जिस को कि हमारी पुरानी संस्कृति ने प्रतिष्ठा दी है। यह इज्जत वह है जिस को कि हमारे आज के काल में गांधी जी ने बलिदान कर के दी है। उस को आज थोड़े से अराजक और असामाजिक

तत्व नष्ट करना चाहते हैं लेकिन मुझे पूर्ण विश्वास है कि वह अपने इस दुष्प्रयत्न में सफल नहीं होंगे और वह नष्ट नहीं होंगी क्योंकि मुझे अपने देश की जनता में पूर्ण विश्वास है। हम अपने धर्मनिरपेक्ष सिद्धान्तों के लिए, हम अपने प्रजातांत्रिक वातवरण के लिए और हम अपनी समाजवादी प्रगति के लिए यह आवश्यक समझते हैं कि हम अपने देश में अल्पसंख्यकों की रक्षा करते रहें और हम पाकिस्तान की नक़ल नहीं करें। उसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ जो कुछ हो सकेगा वह हम करेंगे जिसमें कि हमारे देश का विकास न रुके, हम बरावर विकास करते चले जायें और दुनिया में जो साम्राज्यवादी षड्यंत्र चलाते हैं उसकी परवाह न करते हुए, गुटों से अलग रहते हुए हम सब के साथ सद्भावना का वातावरण बनाये रक्खें ताकि दुनिया में भी शांति रहे और अपने देश में भी शांति रहे।

Shri Sezhiyan (Perambalur): Mr. Deputy Speaker, Sir, while I join others in this House in expressing my gratefulness to the Vice President discharging the functions of the President of India for his Address, I regret to say:

(a) that the Address fails to mention the measures to be adopted to recover the lost territories to Chinese aggression;

(b) that the Address fails to convince the country about the rationality of the continuance of the Emergency;

(c) that the Address fails to inculcate confidence in the mines of the non-Hindi speaking people in the wake of the continued menace of Hindi fanaticism;

(d) that the Address does not contain a single word if sympathy to the people of Indian origin who are placed under untold miseries, ill-treatment and denial of fundamental human rights in Ceylon and Burma;

(e) that the Address has taken no note of the popular demand to rename the Madras State to "Tamilnad"; and

(f) that the Address fails to indicate any concrete policy towards (i) rise in prices of essential commodities; (ii) steady decline in the standard of living of the people; (iii) glaring imbalance between different regions; (iv) ever-increasing economic disparity between different classes; (v) grave unemployment problem; (vi) mounting tax-burden on the common man through indirect taxation; (vii) the sad plight of handloom weavers and unemployed goldsmiths; and (viii) the conditions of the minorities, both linguistic and religious.

Sir, considering the limited time at my disposal, I shall deal with one or two problems now. Let me first take this state of Emergency which has been proclaimed. In the President's Address last year, there was the feeling of the spirit of the emergency, there was a call of duty. The urgency to preserve our freedom and democracy, the determination to vacate the Chinese aggression, the purpose and the need of emergency were all keenly felt by us and they were duly reflected in the President's Address in a bold and clear way. Last year, the President said that "the freedom and the honour of the country must be given the first place and if a country cannot defend them, then all other matters lose their significance". Though the form is kept, though the Emergency is still continuing, the spirit of the Emergency has been forgotten and the need of the Emergency has been lost sight off by the ruling Party.

If you take the President's Address that was delivered last year in the form and the contents, you will find that out of 30 paragraphs, paragraphs

[Shri Sezhiyan]

6 to 15 dealt with the Chinese aggression and the efforts made by us to get it vacated. In the Address this year, there are hardly two or three paragraphs. Paragraph 14 refers to the Chinese aggression and that too in an indirect way. Para 14 says.

> "The Chinese threat has continued throughout the year, though there has been no actual fighting along our borders. China still maintains its intransigent attitude on the Colombo proposals and Chinese military build-up along our border has increased."

Even the word 'aggression' has not been mentioned here. It has been avoided. It simply says there is Chinese threat. The Address says that there has been no actual fighting along our borders and it says that the Chinese military build-up along our borders has increased. It looks as if the Chinese forces have been just sitting on the other side of our borders. There is no special mention that some of the territory lost by us is still in the hands of the Chinese.

The state of Emergency was proclaimed on the 26th October, 1962 on which day the Congress Working Committee was meeting here in New Delhi and they passed a resolution wherein they called for a national pledge:

> "We will sink our differences based on religion or creed or political ideology and shall not rest till aggression is vacated."

I am quoting this because at that time all these political differences, party distinctions, were kept aside and in a magnificent way in response to the call of the Prime Minister and the Parliament, all joined together to strengthen the country and to fight the Chinese aggression. In his call to the nation just after the proclamation of Emergency—the Radio talk—the Prime Minister said:

> "I invite all of you, to whatever religion or party or group you may belong to be comrades in this great struggle that has been forced upon us."

Even in Parliament, speaking on the Motion on the Chinese aggression, and Emergency declaration, the Prime Minister acknowledged:

> "Whatever the future may bring, I do not think we shall ever forget this powerful emotional upheavel that India has had in which we have all shared—I repeat all of us whatever party or group we may belong to."

At the time of Emergency, to strengthen the country and to defend our freedom and our democracy, all the party differences were asked to be set aside. In that magnificent movement all the parties, in spite of the political differences, joined together in order to defend the country. Also, the essence and the purpose of the Emergency was to strengthen the country and to fight against the aggression. But what has happened in the past one year? The very party which was asking for all political distinctions to be forgotten has been doing something else during the time of Emergency. I mean, instead of strengthening the country, the ruling Party has been striving to strengthen its own Party—I mean the Kamaraj Plan. Instead of strengthening the country, they have devised a Plan to strengthen their own Party. I am not going into the significance of this thing because I am not here concerned with what they do to strengthen their own Party—it is an internal matter for them. But in so far as it affects the country, we have to deal with that. It looks as though by implementing this Kamaraj Plan, all the ills that beset the country can be wiped off and that Kaya Kalpa has been found out as a sure remedy. But I think it is a great illusion that they are entertaining.

Some ardent Congress friends may say. "Look here! When we strengthen the Congress Party, we are strength-

ening the ruling Party; when we strengthen the ruling Party we are strengthening the Government and when we strengthen the Government, we are strengthening the country." They may argue like that. But that is not the correct position. It is a great illusion that once you strengthen the ruling Party, automatically all the ills will disappear. I will quote here what a leading Congressman had to say as regards this Kamaraj Plan. I am quoting from Shri K. Santhanam who had written an article in *Hindustan Times* dated 14-8-1963.

> "Yet I may venture to think that the thought behind the scheme is not as sound as it may appear at first sight. I am convinced that it is based on the illusion that the proper functioning of the Congress organisation is the most important thing for the country and that if it functions well, all other evils will find an easy remedy.
>
> In a democracy, the ruling Party will be judged and ought to be judged by the kind of Government it provides for the people and not by its own internal organisational perfection. If it provides good Government, develops the economic and cultural potentialities of its people, it will automatically obtain popular support. To the extent it fails in its fundamental task, popular dissatisfaction will grow . . . ."

Therefore, strengthening the Congress is no remedy for the vils that have beset the country. He further goes on to say:

> "There is of course the darker side which has been causing increasing unpopularity and which has been slowly but steadily shaking even the self-confidence of Congress leaders. The Congress Government particularly some State Governments have been wasteful and inefficient. And atmosphere of corruption and nepotism has been growing around them and in many places it seems that even the will to arrest such deterioration and to re-establish moral standards has weakned."

This is what a leading Congressman has to say.

The Kamraj Plan seeks to strengthen the party instead of strengthening country. Of course, I do not have any objection to a party setting its own. house in order and trying to strengthen itself, and every party has the right to strengthen itself. But the question is: At what time the ruling party has chosen to ? At what time can it strengthen itself? At a time of emergency when the primary job is to strengthen the country, we find that the Congress Party, the ruling party and the premier party in the country trying to strengthen itself instead of strengthening the country. Therefore, in that respect, the ruling party has failed the country, and it has not acted up to the emergency. If the emergency has been purposeful and it has been proclaimed to defend the country and to strengthen the country to defend itself, then that should clearly have had the first priority. But the ruling party has put party interests over the interests of the country, and it has gone to strengthen itself.

I would say that either there is a need for the emergency, in which the Congress has not acted up, and which has not been felt by Government and which has been forgotten by them, or there is no need for an emergency in which case the Congress party which is the ruling party is using the name and form of emergency simply for its own political ends. Therefore, in either case, it is high time that we make a reconsideration of the whole situation and advise for the repeal of the emergency.

I might also point out that the by-election which had been held over have since been conducted. The Election Commission, after consulting the Government of India, decided that it was no longer necessary or desirable to hold up the by-elections then due,

[Shri Sezhiyan]

in view of the improvement in the emergency situation. Therefore, when they feel that there is an improvement in the emergency situation, they can as well repeal the state of emergency and allow the normal Fundamental Rights to have their sway in the country of course, they may say that the country is yet to fill up its defence needs. We have to increase our military strength, etc. But all the things cannot be a plea for the continuance of the emergency, because these things are going to be there for a long time to come. As long as there are nations, as long as there are going to be national boundaries, as long as the world has not become a one world without any national boundaries, we may have to maintain our military strength, and we may have to be in a state of military preparedness. Therefore, that cannot be a plea for the continuation of the emergency. As I said earlier, it is high time that Government should consider over this matter again and repeal the state of emergency which has been kept even after the period for which it was required.

Now, I come to a throny problem with which my own party, namely the DMK has been intimately associated and intimately involved, and that is the language of the President's Address. This year, the DMK stayed out from the President's Address not out of any disrespect to the President or the Vice-President, but as a protest against the growing frenzy and the growing spirit of intolerance among the Hindi enthusiasts. In 1962, when Dr. Rajendra Prasad was here to deliver his Address to us, we were all present at that time, and Dr. Rajendra Prasad was then pleased to read out the Hindi version of his Address first, and then he read out the English version. At that time, we had all kept quiet, and we did not raise any objection, even though we did not understand a word of Hindi. There was a spirit of tolerance, and even though we did not understand Hindi, we did not raise any objection at that time. But in 1968, when President Radhakrishnan was about to read out his Address, there were some protests from the Hindi enthusiasts. Afterwards, there was a committee which went into this question. Most of the evidence tendered before that committee was in Hindi, and since I do not know Hindi, I wanted a friend of mine to go through the Hindi version of the evidence and give me a translation of the same.

At page 22 of the Report of the Committee on the Conduct of Certain Members during President's Address, in lines 10 and 11, this is what we find. The relevant portion is in Hindi, but the translation reads thus. The witness was explaining that he did not mean any disrespect to the President. He said:

> "I do not even disrespect a dog or donkey; but the Rashtrapati is far from these."

I want to know why a reference to a dog and a donkey should come when there is a mention about the Rashtrapati. Is that not going to hurt the feelings of the people? Is that not going to mean disrespect to the office and person of the Rashtrapati? Why should there be a reference to a dog or a donkey when you are speaking of as high a person as the Rashtrapati himself? That shows how intolerant a spirit is growing, and how much they do not like things if they do not happen to be in Hindi. Just because the President does not know Hindi and he cannot express himself adequately in Hindi, there is no meaning in showing disrespect by making such comparisons which are not at all satisfactory and which are not at all good, and which are going to hurt the feelings in not a little measure of the people of the non-Hindi States.

This year also, this controversy over the language of the President's Addres cropped even much earlier, about two weeks earlier to the opening of the Budget Session I saw in the press

that there was a repeated and insistent demand that the President should make his Address in Hindi and not in English, or he should deliver the Address either in his own mother tongue Telgu or in Tamil. The learned doctor who made this appeal should have known better, because he is an erudite scholar and is a good constitutionalist, that according to the Constitution only these two languages, namely English and Hindi, have been accepted as the official languages, and if the President makes a speech in a language other than Hindi or English, he will be taking an unconstitutional step. Therefore, instead of making that appeal, the learned doctor might as well first have taken steps to have the Constitution amended to allow for speeches in Telugu and Tamil or more languages; then, if he had made that appeal, he would have been within the Constitution. But, as the Constitution stands taday, if the President or the Vice-President makes his speech in Telugu or Tamil, he will be doing something unconstitutional, for which also he can be taken to task. Therefore, the correct and proper forum would have been first to change the Constitution for allowing all the languages as official languages, and then my hon. friend can come around and ask for a change in the procedure; if he had done so, that would have been all right.

Then, what happened was that the opinion of the Attorney-General was also obtained, and it was also published in the papers. The newspaper reports said that the President would make his speech in English, and the Hindi version of it would be read out by the Vice-President. But, then, all of a sudden, there was a change even in that procedure. Afterwards, I read in the papers that as a compromise move, a new formula was evolved that the Hindi version of the President's Address would greet the combined session. This was what the newspaper report said:

"The Hindi version of the President's Address will greet the combined session of the Lok Sabha and Rajya Sabha before the English version at the inauguration of the Budget Session of Parliament on February 10th.

This is a compromise bid to satisfy the advocates of Hindi in Parliament, who objected to the English Address delivered by President Radhakrishnan last time."

Therefore, it means that they have gone and changed the procedure. Just because the President happens to be a non-Hindi man, and he is not fully conversant with Hindi, he is asked to sit mum, and the translation of his Address in Hindi is first to be read out by somebody else, and then he has to read out his Address in English. That was the novel procedure suggested, and Government also acquiesced in it. Funnily it was called "a compromise bid" to satisfy the advocates of Hindi. All of a sudden, just at the eve of the session, a new procedure was adopted, by which the President was indisposed, the Vice-President was authorised to discharge the functions of the President. Instead of this, the Vice-President might have delivered the Address on behalf of the President. There would have been no objection to that thing, because even last year, President Radhakrishan delivered his Address first in English, and then Dr. Zakir Hussain, the Vice-President read out the Hindi version of that Address. This is what the newspaper report said. I am quoting from the newspaper report in *The Hindu* dated the 19th February, 1963. It stated:

"Later, the Vice-President Dr. Zakir Hussain read a Hindi translation of the President's Address. Dr. Zakir Hussain had the speech written in Urdu script....and read it with considerable fluency."

We have no objection whether he reads out the speech written in Urdu script or in any other script. It is his choice. But why should there be any compulsion? And why should there be

[Shri Sezhiyan]

any insistence that the speech should be made only in Hindi, as long as the Constitution provides that he can make the speech in English or Hindi, and it is left to the choice of the President? Therefore, if anyone tries to bring in compulsion saying that he should make the speech only in a particular language, eventually that goes to show that the President can make his Address only in Hindi; if that is the position, than I am afraid the day will not be far off when it may be insisted that the President should deliver his Address only in Hindi and not in English. I am not making an exaggeration. Last year, after the incident in the Central Hall, Shri Raj Narain—I think he is the Chairman of the Socialist Party, to which the Members concerned in that belong—speaking to the Press reporters at Bhopal on the 27th February 1963, said:

> "that by delivering his Address in English, the President has made a breach of the Constitution, and that it was their intention to make an effort for impeachment of the President for this breach of the Constitution".

I do not know how the Constitution is breached. Anyhow, that is their contention. But he said something more, later:

> "Mr. Raj Narain also said that his party would prefer a President of the country not knowing Hindi to resign. The party might initiate a public campaign in this connection".

That means if the President happens to be from a non-Hindi speaking State, or if there be a Minister or Prime Minister or Vice-President who does not know Hindi, he should not hold that office; he should resign. It amounts to saying that only Hindi-Speaking persons can aspire for those highest positions in the country. This, I am afraid, will upset the equilibrium and equality in our country.

In this connection, I wish to say that I have nothing against Hindi as such. I am not opposed to the growth of Hindi, nor do I have any pet affection for English. If Hindi has grown and is able to function as a medium as good as English for our purposes, we do not have any objection to take it. If it is able to discharge the functions now performed by English in our country, in regard to technical education, industrial advancement and so on, we would have no objection. But those who are agitating for Hindi, are not for improving the standard of Hindi; they simply want to impose it on unwilling people.

Here I would quote what Shri K. M. Munshi said before the Official Languages Commission.

> "It is important that the pressure of propaganda as regards the time-limit should be relaxed in the interest of Hindi as well as the unity of India. At the same time it must not be forgotten that India has to stand competition with the world in intellectual equipment, it cannot do only with a second-class linguistic instrument which is yet in the process of making".

Therefore, unless you prepare the country, unless you prepare Hindi, there is no meaning in setting a target date, there is no meaning in imposing it on unwilling people.

I would say here that the non-Hindi speaking people have felt much humiliated and hurt by the rising frenzy of Hindi intolerance, Hindi imposition, and if I may say so, Hindi imperialism itself. If we analyse the political history of Tamil Nad, the very birth of the Dravidistan movement, the desire to separate from the Indian Union, can be traced to the attempt to impose Hindi in 1938 in that part. Anybody placed in the position of those non-Hindi speaking people will feel the same in respect of Hindi imposition. If we go to Bengal and ask a Bengali prabably he would say that he might as well secede from India rather than accept Hindi imposition.

An Hon. Member: No, no.

Shri Sezhiyan: This is in the Report of the Official Languages Commission itself. On page 338 of the Report in his Minute of Dissent, this is what Shri M. P. Desai says:

> "In this connection, I may note a significant answer that a very important witness of a non-Hindi speaking State gave to a question—if the Centre decides to use Hindi in its communication with States, how would you prepare for it. The answer given was 'If it is imposed on me, I would secede from the Union'."

Anybody who comes from Bengal will know who was this important witness giving evidence before the Commission. It was no less a person than Dr. B. C. Roy. When the question was put to him, he said that 'if it is imposed on me, I would secede from the Union'. Nobody can question the ardent patriotism of Dr. Roy.

Shri Warior (Trichur): Those friends do not read the report. That is the difficulty.

Shri Sezhiyan: He does not belong to the DMK. But he was forced to say that.

Shri P. R. Chakraverti (Dhanbad): On a point of information. It was the instinct of the democrat in him which rebelled against the concept of imposition that made him say that imposition would not be tolerated. That was what he meant.

Shri Sezhiyan: I stand by what I said, because it is an open secret that it was Dr. Roy who said that.

I would also say one more thing. Before you set any target date for Hindi, be tolerant. At least accept our sincerity and our feelings towards our mother tongue as you have for your mother tongue. Instead of putting a target date and saying it should be 1965 when Hindi would be brought in as the official language, when it is still in the process of development, I would suggest the convening of an all-India linguistic conference of all the eminent scholars, polticians, everybody interested in the subject. Let them make a reappraisal of the position. This is nothing new that I am suggesting. In fact, a resolution was unanimously passed by the West Bengal Legislative Assembly and Council on 2nd July, 1958, which was backed by the Congress under Dr. Roy's leadership, by the PSP and the Communists. Everybody joined together and passed that resolution unanimously, as follows:

> "Whereas this Assembly/Council cannot agree with the recommendations made in this regard by the Official Languages Commission; and
>
> "Whereas this Assembly/Council feels that for the unity and progress of India, the whole question of official language demands fresh examination......".

Let us, therefore, have a reappraisal. I appeal to the Members of the House and to the Government to adopt this procedure. But if we allow the position to deteriorate, it will upset the equilibrium and equality in the country, it will upset the political set-up of India.

In conclusion, I have only one more point to make. I invite attention of the House to supreme sacrifice made by a 27 year old youth, A Chinnasami, who hailed from Trichy. He sacrificed himself at the alter of the Hindi imperialism.

Shri Daji (Indore): Do not refer to it. Otherwise, some other fanatic in the other part will do the same.

Shri Sezhiyan: I am not recommending that immolation. We do not approve of the method; we do not want anybody to emulate that either. But this shows the frenzy, the heat, that has been generated and the frustration to which the country is driven so far as the non-Hindi speaking people are concerned. Therefore, to avoid this frenzy, to eschow all this fanaticism, I would appeal to the Government and to all other parties to be more amena-

[Shri P. R. Chakraverti]

ble to reason. Let us make a reappraisal; let us convene an all-India linguistic conference and leave this problem to be tackled by that conference.

Shri Daji: What shall be the language of the proceedings of that conference?

Shri Sezhiyan: I am not the architect of that. I say let us convene the conference and let them conduct their deliberations. For a long time, the Communist Party was also opposed to the Rashtra Bhasha as an instrument in the hands of the Marwari-Gujarati combine. That was some years ago. But now they have forgotten about it. (*interruptions*).

An Hon. Member: How does the Marwari-Gujarati combine come here?

Shri Sezhiyan: That was the contention of the Communist Party. When it suits them, they adopt a line. When it does not, they change the line.

I appeal to all to lessen the heat, to give more light and solve this linguistic problem in a way which will not create ill-will. I also pay my homage to the sacrifice made by Chinnasami. But for the future, let us solve this problem by the course I have suggested.

15 hrs.

श्री श० ना० चतुर्वेदी (फिरोजाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, आज हम साम्प्रदायिक आग से झुलसे हुए हैं और उससे हमारे हृदय भरे हुए हैं. लेकिन पेश्तर इसके कि मैं कुछ ऊपर कहूं अभी जो भाषा का प्रश्न उठाया गया उसके सम्बन्ध में मैं दो शब्द कहना चाहता हूं। यहां हिन्दी इम्पिरियलिज्म का सवाल उठाया जा रहा है। मेरी समझ में नहीं आता कि हिन्दी लादने की चेष्टा किस पर हो रही है जिसके विरोध में किसी सज्जन ने अपने ऊपर तेल छिड़क कर जान दे दी। भाषा के बारे में यहां जो बिल लाया गया था उसका तात्पर्य यही था कि दूसरी भाषा भाषियों की भावनाओं का आदर करते हुए अंग्रेजी को सह-भाषा के रूप में अनिश्चित काल के लिए स्वीकार कर लिया जाए।

मेरा विचार है कि इस सदन में हिन्दी भाषियों का बहुमत है, लेकिन फिर भी किसी ने यह नहीं सोचा कि हम बहुमत के बल पर उस हिन्दी भाषा को आज अकेली राष्ट्र भाषा बना दें और अंग्रेजी का निष्कासन कर दें।

अभी जो मेरे पूर्व वक्ता ने यह बात कही कि हमें हिन्दी से कोई द्वेष नहीं है, यह सुन कर मुझे बड़ा सन्तोष हुआ, लेकिन मैं उनसे एक बात यह पूछना चाहता हूं कि अगर इस बीच में इस बात की कोई चेष्टा न की गई कि हिन्दी को धीरे धीरे शासन में लाया जाए, तो हमारी लिंक लैंग्वेज, हमारे राष्ट्र की वह भाषा जिसमें सब बोल सकें और जिसको सब समझ सकें, कैसे बनेगी। क्या हमारे डी० एम० के० परिषद् के लोगों को यह स्वीकार है कि अनन्त काल तक इस देश की राष्ट्र भाषा एक विदेशी भाषा बनी रहे और हम अपने सिर पर एक गुलामी का पट्टा बांधे रहें। सवाल यह है कि हमारे देश की राष्ट्रभाषा कौनसी होगी, अंग्रेजी होगी या इस देश की कोई भाषा होगी, और इस देश की भाषा के बारे में चूंकि हिन्दी का निर्णय हो चुका है, इसलिए उसके बारे में कहा जा रहा है। लेकिन किसी की यह मंशा नहीं की कि हिन्दी को किसी के ऊपर जबरदस्ती लाद दिया जाए। मैं समझता हूं कि हमने जो बिल पास किया था उसका उद्देश्य यही था कि हम अहिन्दी भाषा भाषियों की भावनाओं का आदर करते हैं, सबने कहा भी कि हम उनकी सद्भावना से हिन्दी को लाना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि हिन्दी हमारे एकीकरण में साधक हो, बाधक न हो। इस दृष्टि से आप को भी सोचना होगा। यह हमारे राष्ट्र के सम्मान का तकाजा है कि यहां की राष्ट्रभाषा एक विदेशी भाषा न हो।

इस देश का जन साधारण बड़ी संख्या में हिन्दी को समझता है। इस समय देश में मुश्किल से एक या दो प्रतिशत लोग अंग्रेजी पढ़े हैं और उन्हीं का देश में सब जगह आधिपत्य जमा हुआ है। इसी कारण हमारी अनेकों समस्याएं हल नहीं हो पा रही हैं। हमारी जो

अनेकों त्रुटियां दिखायी दे रही हैं उका मुख्य कारण यही है कि हमारा जो काम होता है वह अंग्रेजी में होता है और इस कारण जो हमारे देश में टेलेंट पढ़ी हुई है वह बेकार जा रही है। मास इन्रजी रिलीज नहीं हो पाया है।

इसके बाद मैं उस समस्या पर आता हूं जो कि आज हम सब के हृदयों को ग्रसित किए हुए है। इस देश में साम्प्रदायिक दंगे हुए, हमारे लिए यह दुःख की बात है कि किसी पर जो इस राष्ट्र का नागरिक हो हाथ उठाया जाए। लेकिन कल जो एक स्पीच यहां पर हुई वह शोभनीय नहीं थी। क्या जो ईस्ट पाकिस्तान में हुआ है और जो पश्चिमी बंगाल में हुआ है उसको एक तराजू में तोला जा सकता है। पूर्वी पाकिस्तान में योजना के अनुसार दंगे कराए गए, यहां उसके प्रतिक्रिया मात्र हुई। जो कुछ पाकिस्तान में हुआ वह योजनाबद्ध था। वह आज नहीं हुआ, बहुत समय से चला आ रहा है। पाकिस्तान में अपनी सरकार के प्रति घोर असन्तोष है और ईस्ट बंगाल में तो यह और भी ज्यादा व्याप्त है, और वहां इस बात की चेष्टा थी कि इस सरकार के तख्ते को ही पलट दिया जाए। इन दंगों के द्वारा पाकिस्तान की सरकार इस असन्तोष को हिन्दुस्तान की तरफ मोड़ देना चाहती है, और उसके लिए उसको काश्मीर का सवाल हमेशा उपलब्ध रहता है। इस बार भी वही हुआ। वहां काश्मीर का सवाल उठाने की तयारियां हो रही थीं, जिसके लिए पवित्र बाल की चोरी हुई। आज जिन धाराओं के अन्तर्गत काश्मीर में मुलजिमों पर मुकदमा चलने वाला है उनसे प्रत्यक्ष है कि इस काम में एनीमी एजेंट्स का हाथ था। लेकिन जब इस चोरी के बावजूद भी काश्मीर में दंगे न हो सके तो पाकिस्तान के नेताओं ने और प्रसीडेंट अयूब खां ने तैश दिलाने वाली स्पीचेज दीं जिनके परिणामस्वरूप खुलना और जैसोर आदि में दंगे हो गए। उसकी प्रतिक्रिया कलकत्ता में हुई। और गा कि इसका प्रतिवाद किया गया, लेकिन घोष साहब ने कल बताया और वेस्ट बंगाल असेम्बली में श्री सेन ने तस्वीरें दिखायीं गयीं कि हमारे यहां दंगे पाकिस्तानियों ने भड़काए। यह शायद आप सब को मालूम है। यह सब इसलिए किया गया क्योंकि काश्मीर के सवाल को सीक्योरिटी काउंसिल में उठाने के लिए यह जरूरी था। अगर केवल पाकिस्तान में ही दंगे और अत्याचार होते और यहां न होते तो तब तो यह कहा जाता कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा नहीं है, हिन्दुस्तान में है। इसलिए उन्होंने काश्मीर में और पश्चिम बंगाल में दंगे करवाने की चेष्टा की ताकि कहा जा सके कि हिन्दुस्तान में माइनारिटीज के साथ जुल्म हो रहा है। और जब तक यह न दिखाया जाता तब तक ईस्ट बंगाल में जो भयंकर नर संहार हुआ उसको कैसे छिपाया जा सकता था।

दूसरी बात आप यह देखें कि किस प्रकार पश्चिमी बंगाल के दंगों को फौरन दबा दिया गया लेकिन पूर्वी बंगाल में आज भी आग सुलग रही है, और जो लोग वहां से आ रहे हैं वे बतलाते हैं कि वहां लोग सीज की हालत में रह रहे हैं, जो वहां से आना चाहते हैं उनको आने नहीं दिया जाता, और जो लोग भाग कर सीमा पर आए उन पर गोलियां चलाई गयीं, और कौन सा अत्याचार और अनाचार है जो वहां लोगों पर नहीं किया गया। वहां पर योजनाबद्ध तरीके से बड़े बड़े नेताओं ने इश्तियाल दिला कर दंगे करवाए और राजनीतिक लक्ष्य को लेकर उनको भड़काया गया। इसलिये जो दंगे यहां उनकी प्रतिक्रिया स्वरूप हुए उनकी उनसे तुलना नहीं की जा सकती।

कल जो यहां एक स्पीच हुई वह साल डेढ़ साल पहले की स्पीच की ही तरह की थी। उसका सारांश करीब करीब वही था और शब्दों का भी उसमें थोड़ा ही हेर फेर था। जिन सदस्य महशय ने कल स्पीच दी उन्होंने उस समय भी यही बातें कही थीं कि हिन्दुस्तान में माइनारिटीज को कोई अधिकार नहीं है, उनकी कोई सुरक्षा नहीं है,

[श्री श० ना० चतुर्वेदी]

उनका एक्सटिंक्शन किया जा रहा है आदि। उन्होंने ६ जून की अपनी स्पीच में कहा था :

"May God lead the millions of oppressed, depressed and tortured Muslims of India to complete emancipation from the clutches of these destructive forces, these dark and ominous forces, that have raised their head, threatening the extinction of Islam and the Muslim community in India."

This was said in June.

Shri R. S. Pandey (Guna): What is the name of the hon. Member?

Shri S. N. Chaturvedi: Shri Badruddujа. He further said:

"Sir, I stop. Once again I appeal to all sections of the people for small mercies for the unfortunate Muslims, the most despised, the most hated, the most disparaged Muslim community of India."

This is what was said. It was not meant for this House. It was meant for the Security Council, it was meant for providing material for Pakistani propaganda, that such speeches are made.

कि इस देश में माइनारिटीज को कितना संरक्षण है, कैसा उनके साथ व्यवहार है। इसका एक ही उदाहरण यह देता हूं कि आज इस देश में जो ऊंचे से ऊंचा मंच है उस पर भी खड़े होकर ऐसी बातें कही जा सकती हैं जो कि देश का कोई भी वफादार आदमी नहीं कह सकता है। जिन लोगों की दूसरे देशों से वफादारी है, बाहरी पार्टीज से वफादारी है वह भी आज यहां इस पार्लीमेंट के मंच पर वह बातें कह सकते हैं जो कि देश के लिए घातक हैं और जो कि गलत हैं।

दूसरी बात आपके सामने प्रस्तुत करना चाहता हूं। आज हम कैसे इन बातों के प्रति अपनी आंखें बन्द कर सकते हैं?

आज हमारे सब से ऊंचे और पवित्र पद पर राष्ट्रपति के पद पर, हमारे उप-राष्ट्रपति बैठे हुए हैं । हम को कोई डाह नहीं है । बड़ा अच्छा है । कोई भेदभाव नहीं होना चाहिये । कोई बैठे । लेकिन पाकिस्तान में क्या ह रहा है यहां ऊंचे से ऊंचे पदों पर, मंत्रियों के पदों पर, केन्द्र में भी और प्रांतों में भी, अन्य वर्गों के लोग बैठे हुए हैं । किन्तु क्या पाकिस्तान की मिनिस्ट्री में भी ऐसा हो रहा है ?

अभी कांग्रेस के एक सदस्य महाशय कह रहे थे कि हम दुनिया में रहते हैं, हम को बाहर को देखना चाहिये । देखो, लेकिन बाहर को तब देखो, जब अपने को भी देखो । अपने को मत भूल जाओ । पाकिस्तान में या और किसी देश में इन को इस पद पर कोई नहो बैठने देगा, जिस पद पर ये आज यहां बैठे हैं । ये हिन्दुस्तान में ही बैठ सकते हैं और हिन्दुस्तान में भी तब तक ही बैठ सकते हैं, जब तक कि यहां पर हिन्दू हैं । जब हिन्दू नहीं होंगे, तो फिर कोई बैठने नहीं देगा । मैं तो स्पष्ट वक्ता हूं । जो सच बोलता है, वह ठग नहीं होता है, और चाहे कुछ भी कह लो । ठग वह होता है, जो मीठी मीठी बातें करता है, इधर उधर की बातें करता है ।

उपाध्यक्ष महोदय, आप ने भी सुना होगा कि पाकिस्तान से हिन्दू बेचारा अपने स्त्री-बच्चों को ले कर इस देश में आ रहा था । वहां पर पुलिस ने गोली चलाई, लेकिन हमला-आवरों पर नहीं, बल्कि जो प्राण छिपाने के लिये भूखे नंगे हो कर यहां आ रहे थे, उन पर गोली चलाई । मैं पूछना चाहता हूं कि क्या यही इस्लाम है । इस्लाम का अर्थ हम ने पढ़ा है । मुसल्लम है जिसका ईमान, उस को मुसलमान बताया जाता है । क्या यही मुसल्लम ईमान है ? उसके बदले में यह कहा गया कि जब आप पाकिस्तान के सम्बन्ध में बोला करें, तो हिन्दुस्पस्तान को भी देखा करें । हिदुस्तान को हम बहुत अच्छी तरह से देख रहे हैं । जरा देख लो वहां जा कर । पता लग जायेगा कि किस तरह का पाकिस्तान बना हुआ है । हिन्दू यहां आना चाहता है, लेकिन मुसलमान यहां से जाना नहीं चाहता है । अगर हिन्दुस्तान अच्छा नहीं है, तो क्यों नहीं चले जाते हो वहां पर ? जरा जाओ तो सही । जरा पता तो लगे आप को ।

यह ठीक है कि जब तक हम हिन्दुओं को वहां से बुलाते रहेंगे । पाकिस्तान के लोग भी यहां आते रहते हैं । हिन्दुओं को भी यहां बुला लिया जाए । यहां की जन संख्या आये वर्ष बढ़ती जा रही है । आखिर इस देश का क्या बनेगा ? परन्तु मैं कहूंगा कि जब तक जिओं, तब तक सही, उन को बुला लो' यत्न करो । अपनी मिलिटरी भेज कर वहां से, पाकिस्तान से, हिन्दुओं को यहां बुला लो । वह पर हिन्दुओं के लिये रहना सर्वथा असम्भव है । मैं यह बात इसलिये कह रहा हूं कि "आप मरे जग प्रलय" । गीदड़ से किसी ने पूछा कि तुम पढ़ते हो । उस ने कहा कि हां, पढ़ता हूं "आप मरे जग प्रलय" । क्या मतलब ? उस ने कहा कि जब मैं मर जाऊंगा, तो संसार की प्रलय हो जायेगी । उस को कहा गया कि क्या बेवक़ूफ़ हो, तुम्हारे मरने से कैसे प्रलय हो जायेगी ? उस ने कहा कि औरों की हो या न हो, मेरी तो प्रलय हो जाएगी । अगर हिन्दू नहीं रहे, तो मैं आप से पूछना चाहता

[श्री रामेश्वरानन्द]

हूं कि मुझे क्या लाभ होगा। मुझे तो उस से लाभ हो सकता है, जिस में हम जियेंगे और अगर हम न रहे, तो फिर हमें क्या, दुनिया बसती रहे। इस लिये हम चाहते हैं कि दुनिया भी बसे और हम भी बसें।

राष्ट्रपति महोदय प्रति-दिन कहते हैं कि हम शांति के कायल हैं। शांति के कायल क्यों न हों? बुढ़ापे में सभी शांति के कायल हो जाते हैं। बुढ़ापा है ही ऐसा कम्बख्त। आप सारे मंत्रि-मंडल को देख लें। क्या एक भी नवयुवक आप को दीखता है? सभी शांति के कायल हैं। मैं मानता हूं। मेरी राय में एक एक माला ले कर खाली कर जाओ और शांति के कायल रहो। शासन ऐसे नहीं चलता है।

शासन चलता है इस तरह से—
इंद्रोजयाति नः पराजयात
अधिराजो राजस राजयाति

राज्य वह हो सकता है जो पराजित न हो। वैदिक सभ्यता के आधार पर आपको शासन करने का अधिकार नहीं है। आप शासन करते चले जायें लेकिन आपको अधिकार नहीं है। जो हार जाए, वेद कहता है कि वह राजा नहीं हो सकता है।

आप त्याग और तपस्या की बात करते हैं और इसके बारे में बहुत सी बातें कही जा रही हैं। मैं मानता हूं कि महात्मा जी ने तप किया था, उन्होंने त्याग किया था और उनके स्थान पर ही हम लोग बैठे हैं। मुझे याद आता है यह सब कुछ। मैं तो कहता हूं कि गोडसे ने पाप किया जो महात्मा जी को गोली से मार दिया। मैं सच कहता हूं कि महात्मा जी अगर आज होते तो वह बताते कि किस तरह से राज किया जाता है और वह आपको करके दिखाते। लेकिन वह आज हमारे बीच में नहीं हैं। महात्मा जी ही कर सकते थे और कोई नहीं कर सकता है। उन्होंने ही इस देश का शासन किया है।

मैं देख रहा हूं कि आपकी सभ्यता और आपकी संस्कृति क्या है और क्या हैं आपके तौर तरीके। मैं पंडित नेहरू की कोठी के सामने २६–२७ दिन बठा रहा और राष्ट्रपति से ले कर दूसरे मंत्रियों तक मेरे पास से निकल जाते थे लेकिन कोई मेरी बात तक नहीं पूछता था। बढ़िया बढ़िया कोठियों में बन्द रह कर, कमरों को गर्म करने के लिये अंगांठियां लगा कर तथा आराम के सभी दूसरे सामान मुहैया करके तथा ऐसे वातावरण में रह रहे इन में से एक ने भी कोई बात मुझ से नहीं की। मैं कोई डाकू नहीं था या कोई अपने लिये मैं आया नहीं था, बेचारे उन मजदूर भाइयों के लिये आया था जिन के लिये आप कहते हैं कि आप समाजवाद लायेंगे। आज उनके साथ क्या सलूक किया जा रहा है। उनको जेलों में बन्द कर दिया गया है। यह है वह समाजवाद जिस की स्थापना आप करने जा रहे हैं। यह सरकार कभी भी देश में सुशासन नहीं ला सकती है।

आप कहते हैं कि मंहगाई बढ़ रही है। लेकिन इसका इलाज भी तो आपको करना है। इसका एक ही उपाय है, दूसरा कोई उपाय नहीं है। जो पांच सौ मासिक से अधिक वेतन पाता है उसका बाकी सारा रुपया उससे ले लिया जाए और जो बेचारे सौ रुपये मासिक से कम पाते हैं, उनमें उमको बांट दिया जाय। लेकिन आज कहा क्या जाता है, इसको आप देखें। कहा जाता है कि वेतन बढ़ा दीजिए। संसद् सदस्य भी मांग करते हैं कि उनका वेतन भी बढ़ना चाहिये। क्यों नहीं उनको इस तरह की मांग करनी चाहिये, वे भी तो लोगों में से हैं। लेकिन मैं कहता हूं कि संसद् सदस्यों का वेतन आदि नहीं बढ़ना चाहिये बल्कि घटना चाहिये। चुने जाने के पश्चात् कोई आदमी की हैसियत थोड़े

बढ़ जाती है गुण थोड़े बढ़ जाते हैं। जो बाजार का भाव है, वह पैसा उनको भी मिलना चाहिये, यह बात मैं कहता हूं ।

आप वेतन भत्तों को बढ़ाते चले जायें। लेकिन नतीजा क्या निकलेगा क्या इस पर भी आपने विचार किया है ? कहां से यह अतिरिक्त धनराशि आएगी क्या इस पर भी आपने विचार किया है ? इस अतिरिक्त धनराशि को प्राप्त करने के लिये आप टैक्स लगायेंगे, लेकिन टैक्सों का प्रभाव किस पर पड़ेगा ? वस्तुओं पर पड़ेगा। एक तरफ आप टैक्स लगायेंगे और दूसरी तरफ उसका प्रभाव वस्तुओं पर पड़ेगा, वे मंहगी हो जायेंगी और फिर आपको वेतन बढ़ाने पड़ेंगे। राज्य की आय इतनी नहीं है कि वेतन वद्धि से जो कमी पड़े उसकी जो टैक्स अब तक लगे हुए हैं, उन से ही पूर्ति हो जाए।

कृषि के सम्बन्ध में हमारे उपराष्ट्रपति महोदय ने कहा कि कृषि की हालत अच्छी नहीं हुई है बल्कि गिरी है। उन्होंने तीन प्रतिशत कहा है। लेकिन में कहता हूं कि आठ प्रतिशत घाटा पिछले दो तीन बरसों में कृषि की पैदावार में हुआ है। आठ प्रतिशत वह घटी है। इस बार आपको पता चल जायगा कि कितनी घटती है। यहां पर आंकड़ों पर विश्वास कर लिया जाता है, उन्हीं को आधार मान लिया जाता है,उन्हीं के अनुसार काम किया जाता है, मौके पर जा कर कोई नहीं देखता है। यह जो चीज है, इस ओर भी ध्याना दिया जाना चाहिये।

आप कहते हैं कि १६ करोड़ १५ लाख रुपया देने के लिये कहा है ताकि खेती की पैदावार बढ़ सके और जमीन को खेती योग्य बनाया जा सके। शायद यह राशि भी दी गई है लेकिन आप देखें कि पैसा कहां खर्च होगा। इसका एक चौथाई भाग तो यहां लोक सभा में ही रह जायगा, केन्द्र में ही रह जाएगा और बाकी तीन चौथाई भाग राज्य सरकारों के पास रह जाएगा, वहीं खच हो जाएगा और जहां अन्न पैदा होता है, जो काश्तकार है, उस तक एक छोटा पैसा भी नहीं पहुंच सकेगा, उस पर एक छोटा पसा भी खर्च नहीं हो सकेगा। इस तरह से उपज नहीं बढ़ सकती है। अगर आप चाहते हैं कि उपज बढ़े तो किसान को आप ज्यादा पैसा दो, उससे पूछो कि क्यों यह अधिक अनाज पदा नहीं कर सकता है, उसकी क्या क्या समस्यायें हैं और उन समस्याओं को आप हल करो।

देहातों में आज आप देखें, एक आदमी को आध पाव चीनी मिलती है और जब कोई कोटा लेने जाता है तो उसको एक दिन तो दे दिया जाता है फिर कह दिया जाता है कि कोटा खत्म हो गया है। अब वे किस के पास जा कर अपनी बात को कहें आज तक वे बेचारे देहाती गुड़ खा लेते थे। लेकिन उनके गुड़ कोल्हुओं पर भी प्रतिबन्ध लगा दिया गया है। पिछले बरस की तरह इस बरस भी बारिश नहीं हुई और फसलें मारी गई हैं। इसका परिणाम यह हो रहा है कि जानवरों के लिये घास नहीं है, ईख के साहरे ही वे बेचारे अपने दिन काट रहे हैं। कोल्हू वे चला लिया करते थे, उनको भी बन्द कर दिया गया है। जो मैं कह रहा हूं उसमें अगर एक वाक्य भी झूठा निकल आय तो मुझे आप लोग फांसी चढ़ा सकते हैं। पशु भूखे मर रहे हैं। देहाती बेचारे मीठे बिना आज भी तंग और आगे भी तंग रहेंगे। कंट्रोल आप करते हैं। लेकिन इनका क्या परिणाम होगा इसको भी आप देखें। कंट्रोल आप किस के लिये करते हैं ? लोग हम से पूछते हैं, स्वामी जी,सरकार कंट्रोल करती है, अब तो चीनी मिलनी चाहिये। मैंने उनको कहा कि कंट्रोल का अर्थ समझ लो। यह कंट्रोल तुम्हारे लिये किया जा रहा है, अगर चीनी खुली मिलने लगे तो तुम ज्यादा खा जाओगे, इस लिये तुम पर कंट्रोल लगाया जा रहा है, इसलिये नहीं कि तुम को मिले।

[श्री रामेश्वरानन्द]

उपराष्ट्रपति महोदय ने कहा कि हम सस्ते अनाज की दूकानें खोलेंगे और खोल भी दी हैं । जो गेहूं वहां पर दिया जाता है उसको मंगा कर और पिसा कर उसकी रोटी एक वक्त आप बनवा कर देख लें, आप उस रोटी को देखना तक पसन्द नहीं करेंगे । किस तरह से देश जियेगा, किस तरह से देश का स्वास्थ्य ठीक हो सकेगा ? आप थोड़ा सा इस तरफ ध्यान दें और जब तक आप इस तरफ ध्यान नहीं देंगे तब तक काम नहीं चलेगा । ईमानदारी से आपको इस ओर ध्यान देना चाहिये ।

उपराष्ट्रपति महोदय ने अफ्रीका के लोगों का जिक्र किया है और कहा है कि हमें उन से सहानुभूति है । ठीक है होनी चाहिये । लेकिन पाकिस्तान में जो कत्ल हो रहा है, वहां के हिन्दुओं के प्रति सहानुभूति क्यों नहीं प्रकट की जाती है, उनकी बात क्यों नहीं आप पूछते हैं, क्यों नहीं उनकी तरफ आप ध्यान देते हैं, यह आप बतलायें ।

एक भाई ने हिन्दी के सम्बन्ध में यहां बहुत कुछ कहा । मुझे बड़ा दुःख हुआ उनकी बात को सुन कर । मैं कहना चाहता हूं कि अंग्रेजी आई, उसके खिलाफ वह एक शब्द भी नहीं बोल सके, उर्दू और फरसी आई उसके खिलाफ एक शब्द उर्दू नहीं बोल सके, हिन्दी जो कि अपने ही देश की भाषा है उसका उन्होंने विरोध किया । जिस प्रजातन्त्रीय ढंग से आप चुन कर आए हैं और लोगों के वोट आपको अधिक मिले हैं, उसी तरीके को अपना कर क्यों नहीं आप देख लेते कि कितने लोग हिन्दी चाहते हैं और क्यों आप उसका विरोध करते हैं । अगर हिन्दी को बहुमत मिला हुआ है, हिन्दी बहुमत में है, तो आप बहुत की उपेक्षा क्यों करते हैं क्यों आप उससे घबराते हैं । आप राय ले ल, जिस पक्ष में अधिक राय हो, उसको आप मान लें, मुझे कोई आपत्ति नहीं है । इस में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं हो सकती है । बहुमत की बात पूर्ण रूप से मैं मानने के लिये तैयार हूं । मैंने समाचारपत्रों में पढ़ा कि एक स्वामी जी ने अपने आपको आग लगा कर जला दिया क्योंकि हिन्दी लाई जा रही थी । जब अंग्रेजी, उर्दू या फारसी अपने देश में आई तब तो कोई जल कर नहीं मरा, यह हिन्दी जो कि अपने ही देश की भाषा है, जब आई तो जल कर मर रहा है । क्यों आज इसका विरोध हो रहा है और कौन लोग हैं जो विरोध कर रहे हैं ? हमारे भट्टाचार्य जी ने एक प्रस्ताव रखा था कि संस्कृत को सहभाषा बना दिया जाय मैं इसे भी मानने के लिये तैयार हूं । संस्कृत को भी बना दिया जाय । जिस तरह से हम इकटठे हो सकते हैं, जिस तरह से इस देश के मूल निवासी इकट्ठे हो सकते हैं, उस तरह का काम किया जाय । यह पार्टी का सवाल नहीं है । आपको लोगों को इकट्ठा रखने का तरीका ढूंढना होगा, वह तरीका अपनाना होगा जिससे एकता बनी रहे । अंग्रेजी की क्यों हिमायत की जाती है, यह बताया जाय । देहातों में जा कर देखलो, लोग हिन्दी में ही भाषण सुनना पसन्द करते हैं । मैं भी हिन्दी में ही भाषण करता हूं । मैंने तेलंगाना, हैदराबाद आदि स्थानों में जाकर हिन्दी में ही भाषण दिए हैं लोगों ने हिन्दी को ही ज्यादा अच्छा समझा है आप वहां पर जा कर अंग्रेजी में बोल कर देख लें कोई आपको नहीं समझेगा । राजनीति की बात को आप छोड़ दें, राजनीतिज्ञों की बात को छोड़ दें । आप वास्तविकता को देखें । केन्द्र में आप देखें कि ऊंचे से ऊंचे पदों पर कौन लोग बैठे हुए हैं । आज लोगों को धोखा दिया जाता है और कहा जाता है कि हिदी वाले सब लोग हमें दाबाना चाहते हैं । आज तक कौन बैठे हुए हैं केन्द्र में ऊंचे पदों पर, इसको आपको देख लेना चाहिये और इसी से बात साफ हो जानी चाहिये । सोलह बरस में तो एक

व्यक्ति महान विद्वान बन सकता है लेकिन खेद है कि आप सोलह बरसो में हिन्दी को नहीं ला सके हैं। अगर आप ईमानदारी से प्रयत्न करते तो इन सोरह बरसों में हिन्दी आगे आ सकती थी, उसको जो उसका स्थान है, मिल सकता था ।

मैं बड़े ही दुःख भरे शब्दों में कहना चाहता हूं कि महाभारत से यह देश उजड़ा चला आ रहा है और आप देखें कि किस तरह से इसको बसाया जा सकता है। आपने काम तो बहुत कर दिये हैं लेकिन इस देश को आपने बसाया नहीं है क्या क्या काम आपने कर दिखाये हैं, इस पर आप जरा दृष्टि दौड़ायें। अंग्रजों के वक्त में कोई स्त्री अपने पति को तलाक नहीं देती थी, आपने हिन्दू कोड बिल बनाया और उसने तलाक देना शुरू कर दिया। उस जमाने में बहन भाई का मुकदमा नहीं चलता था, आज हजारों में चल रहे हैं। अंग्रेज के वक्त में एक करोड़ गोवंश का वध होता था, आज दो करोड़ का होता है, आपने एक करोड़ को भी पार करके रख दिया है। हरिजन और गैर-हरिजन, बैकवर्ड और गैर-बैकवर्ड में झगड़ा, पत्नी और पति में जूता, बहन और भाई में जूता चलवाने का श्रेय आपको ही प्राप्त है और किसी को नहीं है। आने वाला भविष्य ही बतायेगा कि आपने क्या क्या भयंकर भूलें की हैं, देश की आत्मा का, बापू की आत्मा का हनन किया है। मुझे बापू की एक बात याद आती है। उन दिनों कुछ लोगों ने प्रस्ताव किया कि हरिजनों को बांट लिया जाए, मुसलमानों को भी इन्हें दे दिया जाये। इस पर बापू ने कहा कि अगर ऐसा होगा तो मैं मर जाऊंगा। इस पर बापू ने लोगों में जाकर, हरिजनों में जाकर उनके कपड़े धोये। उन दिनों को हम भूल नहीं सकते हैं। वह बापू थे। अगर आप अपने आपको बापू का उत्तराधिकारी समझते हैं, आप समझते हैं कि उत्तराधिकार में आपको यह शासन मिला है तो आप बापू की नीति को अपनाओ। इसका कोई विरोध करने को तैयार नहीं है। आज कहा जाता है कि शान्ति है। बाजार में जाकर देखिये, रेल में बैठ जाइये, मोटर में बैठ जाइये, टोपी मत लगाइये, बिना कह चले जाइये; उस वक्त आपको सुनने को मिलेगा जैसी शान्ति देश में है। यह अशान्ति दूसरों की दी हुई नहीं है, दूसरों की बनाई हुई नहीं है। यह आप के अपने कार्यों द्वारा पैदा हुई है।

श्री गोपाल दत्त मेंगी (जम्मू तथा काश्मीर) : उपाध्यक्ष महोदय, संसद के समक्ष भारत के राष्ट्रपति के कृत्यों के निर्वाहक उपराष्ट्रपति जी ने जो अभिभाषण दिया है उसके प्रति कृतज्ञता दिखाने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं। उन्होंने अपने भाषण में भारत में की गई तरक्कियों का जिक्र किया है और इसमें कोई शक नहीं कि भारत ने तमाम क्षेत्रों में तरक्की की है। लेकिन कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जहां पर हम उतनी तरक्की नहीं कर पाये जितनी कि आशा थी। सब से पहले मैं जरात की तरफ आता हूं। जरात को बहतर बनाने के लिये बहुत बड़े यत्न किये गये। बड़े बडे बांध बनाये गये। छोटे पैमाने पर सिंचाई का बन्दोबस्त किया गया, भूमि संरक्षण और फर्टिलाइजर का प्रबन्ध किया गया। लेकिन इन तमाम कोशिशों के बावजूद हम उतनी तरक्की नहीं कर पाये जितनी कि आशा थी। इसके कुछ कारण हैं। एक सब से बड़ा कारण यह है कि हिन्दुस्तान में लैंड रिफार्म्स नहीं हो सके। जो लैंड रिफार्म्स हमने कुल जम्मू काश्मीर में सन् १९५३ से पहले कर दिये थे वे बाकी भारत में सन् १९६४ तक भी नहीं हो सके हैं।

श्री श्यामलाल सर्राफ : आज वहां क्या लैंड रिफार्म किये गये। यह तो उस वक्त की बात है जब कि हमने यह काम किया था।

श्री गोपाल दत्त मेंगी : मैं श्री सर्राफ से कहूंगा कि मुझे यह कह लेने दें, मैं उनकी बात के बारे में भी कहूंगा और बतलाऊंगा

[श्री गोपाल दत्त मैंगी]

कि वास्तविकता क्या है। मैं यह अर्ज कर रहा था कि लैंड रिफार्म के न होने की वजह से, और इस वजह से भी कि किसान को उसकी पैदावार के मुनासिब दाम नहीं मिल सके, वह उत्साह, वह जोश, वह उमंग किसान में नहीं पैदा हो सकी जो कि खेती को बढ़ाने के लिये जरूरी है। हमने बड़ी बड़ी योजनायें बनाई, लेकिन अभी तक हम किसान को, सारे हिन्दुस्तान में हर किसान को, अच्छे बीज, बहतर औजार भी मुहैया नहीं कर सके, और जब तक हर किसान को बहतर बीज और बहतर औजार और कम कीमत पर सिंचाई के लिये पानी नहीं देते, और जब तक उसको एक्सपटर्स ऐंडवाइस नहीं मिल सकती, तब तक मैं समझता हूं कि खती की बहतरी नहीं हो सकेगी। आज कम्यूनिटी डवलपमेंट और पंचायती राज के इन्स्टिट्यूशन्स सारे देश में फैले हुए हैं। अगर हम उनसे फायदा लें तो कोई वजह नहीं कि हिन्दुस्तान का एक भी खेत ऐसा रहे जहां पर हम अच्छे से अच्छा बीज, अच्छे से अच्छे औजार और टेकनिकल ऐडवाइस न दे सकें, जिसकी खेती बढ़ाने के लिए जरूरत है।

16.32 hrs.

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

दूसरी बात जो मैं इस अभिभाषण के सम्बन्ध में अर्ज करना चाहता हूं वह चीन से भारत को खतरा और पाकिस्तान की हिन्द विरोधी पालिसी है। चीन ने हिन्दुस्तान के बहुत से हिस्से को हथिया लिया है, और पिछले दिनों पाकिस्तान के साथ साज बाज करके उसने काश्मीर के बहुत से हिस्से को हड़प लिया है। भारत का हर निवासी इस वजह से दुखी है यह चीज कांटे की तरह उसे चुभती है। लेकिन हालात ऐसे हैं जो कि आशाजनक नहीं हैं। चाइना कोलम्बो प्रपोजल को अस्वीकार कर चुका है और उस अवस्था में यह मुमकिन है कि ऐसे हालात पैदा हो जायें कि हिन्दुस्तान को अपने इस खोये हुए इलाके को वापस लेने में अनगिनत कुर्बानियां करनी पड़ें। अवस्था तो यह है, लेकिन हिन्दुस्तान से इमर्जेन्सी की जो भावना है वह सरकारी स्तर पर भी और जनता के स्तर पर भी आहिस्ता आहिस्ता खत्म हो रही है। खतरा बहुत बड़ा है, इसलिये हमें इस तरफ तवज्जह देनी चाहिये।

तीसरी बात जो मुझे अर्ज करनी है वह पाकिस्तान के सम्बन्ध में है। पाकिस्तान ने, असम बार्डर हो, बंगाल बार्डर हो या काश्मीर बार्डर हो, हर जगह झगड़ा करने की ठानी है। हिन्दुस्तान की सरहद पर बसे हुए जो भारतीय हैं उनकी जान व माल आज महफूज नहीं रही है। काश्मीर की अवस्था यह है कि वह मीलों अन्दर घुस जाते हैं और अन्दर आकर लूट मार करते हैं। इतना ही नहीं जो मुकाबला करता है उसे गोली से मार देते हैं और लोगों को पकड़ कर ले जाते हैं। इस सम्बन्ध में मुझे कुछ सुझाव देने हैं। एक यह कि जहां तक हमारा ताल्लुक पाकिस्तान बार्डर से है, जिस तरह इजराइल ने नाहाल के किस्म की बस्तियां बनाई हैं, उसी तरह से हम अपने बार्डर के साथ साथ ऐसी बतिस्यां बनायें जहां पर एक्स सर्विसमेन आबाद हों। अगर्चे हमारा बार्डर बहुत बड़ा है, लेकिन यह जरूरी हो गया है कि हम इस काम को करें। इस के बगैर न हम पाकिस्तानी इन्फिल्ट्रेशन को रोक सकेंगे न स्मगलिंग को रोक सकेंगे और न आये दिन जो वाकयात होते हैं उन से बच सकेंगे। इसलिये मेरा सुझाव है कि इस की तरफ तवज्जह दी जाये।

जहां तक चाइना का ताल्लुक है, इस सम्बन्ध में मैं कहना चाहता हूं कि जो बार्डर डिस्ट्रिक्ट्स हैं वहां पर होम गार्ड्स और लोकल मिलीलिशया कायम करनी चाहियें। जब तक यह काम नहीं होता तब तक मैं नहीं समझता कि वह इलाका महफूज हो सकेगा। पिछले ही दिनों मुझ कुछ ऐसे सिपाही मिले जो कि कुछ समय पहिले रिटायर हुए थे। लेकिन उन्हें भी पता नहीं था कि हम किस लिये सब

इन्तजाम कर रहे हैं। मेरे अर्ज करने का मतलब यह है कि हमें जैसे भी हो उन्हें इस बात का पूरी तरह परिचय कराना चाहिये कि हमारा स्टैन्ड क्या है। जिग्राग्रैफिकल भी और आइडियालाजिकल भी, दोनों स्टैन्ड बतलाने जरूरी हैं।

इस के बाद मैं उन वाकयात की तरफ आता हूं जिन का जिक्र श्री सर्राफ ने किया है।

श्री श्यामलाल सर्राफ : किस का। मैं ने सिर्फ लैंड रिफार्म के बारे में कहा था।

श्री गोपाल दत्त मेंगी : मैं वह भी कहूंगा।

अर्ज यह है कि जहां तक लैंड रिफार्म का ताल्लुक है, सन् १९५३ में किसान को जमीन दी गई। बिना मुआवजा जमीन दी गई।

श्री यशपाल सिंह (कैराना) : विधाउट कम्पेन्सेशन नहीं दी गई।

श्री गोपाल दत्त मेंगी : काश्मीर में विधाउट कम्पेन्सेशन दी गई, और उस की वजह से वहां के किसान की हालत बहुत बेहतर हो गई। श्री सर्राफ भी जानते हैं और कुछ इलाकों में मैं भी घूमा हूं। जिन घरों में सफेद कपड़ा नजर नहीं आता था, जहां किसान बहुत कर्जे में फंसा हुआ था वहां आज किसान की हालत बहुत बेहतर है। शायद सर्राफ साहब इससे इन्कार न कर सकें। कम से कम जम्मू प्रान्त में, जहां का मैं रहने वाला हूं, यह हालत है यह मैं आथारिटी के साथ कह सकता हूं।

दूसरी बात जो मैं कहना चाहता हूं वह हजरतबल के पवित्र बाल की जो चोरी हुई है उस के मुताल्लिक है। इसका आम तौर पर अखबारों में भी जिक्र आया है और उस सवाल को यहां भी उठाया गया है। जब वह पवित्र बाल चोरी हुआ तो वहां पर लोगों को बहुत दुःख हुआ और बड़ी चिन्ता हुई, और उस के नतीजे के तौर पर वहां कुछ डिमांस्ट्रेशन भी हुए। लेकिन एक बात आप को भलनी नहीं चाहिए कि वह डिमांस्ट्रेशन पीसफुल थे, वहां पर साम्प्रदायिक भावना बहुत कम थी। लेकिन उस पवित्र बाल के मिल जाने पर भी कुछ बंगलिंग हुआ। जो यहां से अफसर गये थे, उन में से कइयों ने तो बहुत अच्छा काम किया, उस बाल को खोज निकाला। लेकिन कुछ एक ने, जो कि गवर्नमेंट आफ इंडिया के आई० ए० एस० अफसर थे, और जिनको पालिटिक्स से कोई ताल्लुक नहीं था, उन्होंने पालिटिक्स में इंडल्ज करने की कोशिश की। एक ने तो यहां तक कह दिया कि जो आदमी इस बाल को नहीं मानेगा वह पाकिस्तानी तसव्वर होगा। शुक्र है कि बाद में वहां शास्त्री जी गये और उन्होंने मामले को इतनी अच्छी तरह सुलझाया कि किसी को शिकायत का मौका नहीं रहा और अब सब लोगों को तसकीन हो गयी है कि यह असली बाल है।

पवित्र बाल तो मिल गया, उसकी शनाखत भी हो गई, लेकिन बाल के सम्बन्ध में वहां जो एक्शन कमेटी बनी थी वह कायम रही। उस एक्शन कमेटी में कई किस्म के लोग थे। एक उन में मौलाना मसूदी साहब भी हैं जिन को यहां के बहुत से सदस्य जानते हैं किसी जमाने में शेख अब्दुल्ला और मौलाना मसूदी बड़े नेशनलिस्ट थे। काश्मीर के हिन्दुस्तान के साथ इलहाक में इनका बहुत बड़ा हाथ था। किसी को इस से इनकार नहीं हो सकता। लेकिन सन् १९५३ में हालात कुछ ऐसे बदले कि शेख साहब गुमराह हो गये तो उनके साथ मौलाना मसूदी साहब भी गये। जब वह दिल्ली में आते हैं तो और बातें करते हैं, जब काश्मीर में जाते हैं तो और बातें करते हैं। पिछले दिनों उन्होंने काश्मीर में कहा कि काश्मीर के मसले को हल करने के लिए शेख साहब को आजाद किया जाये और जो लोग काश्मीर से सन् १९४७ के बाद पाकिस्तान चले गये हैं, जैसे गुलाम अब्बास और मौलाना मीर वाज, उनको वापस बुलाया जाये और फिर एक साथ बैठ कर सोचा जाये कि काश्मीर की क्या शक्ल हो। इसका मतलब यह

[श्री गोपाल दत्त मैंगी]

है कि काश्मीर को सन् १९४७ से पहले के लेविल पर लाया जाये। वह भूल गये कि जो कांस्टीट्यूएंट असेम्बली शेख अब्दुल्लाजी ने बुलायी थी, जिसके लिए उन्होंने इलेक्शन मैनीफस्टो जारी किया जिसमें उन्होंने यह भी लिखा कि एक इश्यू यह भी है कि हिन्दुस्तान के साथ इलहाक की तस्दीक की जानी है, उस कांस्टीट्यूएंट असेम्बली ने जिसके शेख अब्दुल्ला लीडर थे, उनके गुमराह होने के बावजूद यह फैसला किया कि काश्मीर हिन्दुस्तान का अंग रहेगा और यह अटूट अंग होगा।

उसके बाद, आज हम चाहे कुछ कहें, लेकिन बख्शी साहब की रहनुमाई में सन् १९५३ से सन् १९६४ तक काश्मीर भारत के और नजदीक आया। मैं पूछना चाहता हूं कि जब तक मौलाना मसूदी यह नहीं मानते कि जो इलहाक हुआ है वह सही है, काश्मीर भारत के जिस तरह नजदीक गया है वह सही गया है और वह उसका स्वागत करते हैं, तो उनको काश्मीर सरकार में कैसे लिया जाये। जिसकी हिन्दुस्तान से वफादारी ही मशकूक है उसके लिए कैसे कहा जाये कि उसे काश्मीर की सरकार में लिया जाये।

जो सज्जन यह चाहते हैं कि शेख साहब को छोड़ा जाये, जो सज्जन यह चाहते हैं कि शेख साहब से बात की जाये उन से मेरी एक प्रार्थना है। वह यह कि जहां तक लीगल प्रोसीडिंग्स का ताल्लुक है, वह दिन बड़ा अशुभ होगा हिन्दुस्तान के लिए जब कानून में पालिटिक्स इंटरफियर करेगी। शेख साहब पर एक केस चल रहा है, जिसे चलना चाहिए, और अगर मुल्क की इतनी बड़ी जरूरत है कि शेख साहब को छोड़ा जाये तो कम से कम यह तो पता कीजिये कि उनका स्टेंड क्या है। क्या वह इस बात को मानते हैं कि हिन्दुस्तान का कांस्टीट्यूशन जितना काश्मीर पर लागू है—वह ठीक है। वह कम से कम यह तो मानें कि जो आज अवस्था है वे उसका स्वागत करते हैं। जब वह इतना भी नहीं मानते उस वक्त क्या यह मुनासिब रहेगा कि हम लीगल प्रोसीडिंग्स में इंटरफियर करके शेख साहिब को रिहा कर दें और बाद में काश्मीर गवर्नमेंट के लिए और आप के लिए एक सिर दर्द पैदा हो जाये।

मैं एक और अर्ज करना चाहता हूं। आम तौर पर यह कहा जाता है कि काश्मीर सरकार में करप्शन है और वह नाकारा है। मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि मैं दो बरस से इस सदन में हूं और कई बार यहां करप्शन का मसला उठाया जाता है। मैं पूछता हूं कि क्या कोई मेम्बर अपने सीने पर हाथ रख कर कह सकता है कि हिन्दुस्तान में कोई ऐसी जगह एक भी है जहां करप्शन नहीं है।

एक माननीय सदस्य : सब जगह है।

श्री गोपाल दत्त मैंगी : सब जगह है, काश्मीर में भी है जिस तरह कि बाहर के दूसरे हिस्सों में है। और हकीकत यह है कि यह तो एक कौमी बीमारी बन चुकी है। इसका इलाज कौमी लेविल पर होना चाहिए।

एक माननीय सदस्य : जो माननीय नन्दा जी कर रहे हैं।

श्री गोपाल दत्त मैंगी : यकीनन नन्दा जी कर रहे हैं और मुझे विश्वास है कि वह बहुत हद तक कामयाब होंगे।

दूसरी बात काश्मीर के बारे में यह कही जाती है कि वहां की सरकार नाकारा है। उसके मुताल्लिक मैं क्या कहूं। हमारी काश्मीर की अपनी एक पोलीटिकल हिस्ट्री है। सन् १९४८ में कैसे केटस्ट्राफीज पेश आये बंगाल को, पंजाब को और काश्मीर को, उसका असर वहां के एडमिनिस्ट्रेशन पर भी पड़ा जिसमें बड़े बड़े अफसर बहे चले गये। लेकिन उस के बाद बंगाल को मजीद हादसे एडमिनिस्ट्रेशन में पेश नहीं आये। पंजाब को नहीं आये। पर सन् १९५३ में

काश्मीर को एक बहुत बड़ा हादसा पेश आया, जो कि सन् १९४८ के हादसे से भी ज्यादा बड़ा था। वह था शेख अब्दुल्ला का बिट्रेयल। शेख अब्दुल्ला ने काश्मीर को हिन्दुस्तान से मिलाने में बड़ा हिस्सा लिया, उनको एडमिनिस्ट्रेशन चलाने के लिए बड़े अख्तियारात हासिल थे। उनका एडमिनिस्ट्रेशन वहां सन् १९५३ तक था। जिस वक्त शेख साहब गुमराह हुए, उस वक्त माननीय सदस्यों को पता होगा, कि कितने ही हेड्स आफ डिपार्टमेंट भी उनके साथ चले गये, नेशनलिस्ट मूवमेंट के कई बड़े लीडर उनके साथ गुमराह हो गये। कितने ही काडर्स नेशनल कानफरेंस के उनके साथ चले गये। वह बहुत बड़ा हादसा था। उसका एडमिनिस्ट्रेशन पर असर पड़ा, कोई इससे इन्कार नहीं कर सकेगा। फिर बख्शी साहब के हाथ में एडमिनिस्ट्रेशन आया। आज हम यहां उनके लिए जो मर्जी आये कहें क्योंकि वह अपने को डिफेंड करने के लिए यहां नहीं हैं, लेकिन यह हकीकत है कि सन् १९५३ में जो नेशनलिस्ट फोरसेज रह गयी थीं उनको उन्होंने इकट्ठा किया। मेरे अर्ज करने का मतलब यह है कि उन की रहनुमाई में . . .

अध्यक्ष महोदय : मैं बाकी माननीय सदस्यों को कहूंगा कि वे पीछे से हमला न करें।

श्री इन्द्रजीत लाल मल्होत्रा : (जम्मू तथा काश्मीर) : पीछे से छुरा **घोंपना अच्छी** बात नही है।

श्री गोपाल दत्त मेंगी : मैं अर्ज कर रहा था कि १९५३ में बख्शी साहब ने बाकी मांदा नैशनलिस्ट फ़ोर्सिज़ को इकट्ठा किया और काम चलाने की कोशिश की। उस वक्त जो कैबिनेट थी उस में पांच मेम्बर थे। बख्शी साहब प्राइम मिनिस्टर थे और उनके अलावा जनाब सादिक साहिब, जनाब मीर कासिम साहब, जनाब डोगरा साहब और जनाब सर्राफ साहब उस कैबिनेट के मेम्बर थे। एक बख्शी साहब थे और चार ये साहब थे। (interruption) अगर मैं कहीं गलती करूं तो जनाब सर्राफ साहब मुझे दुरुस्त करें। बख्शी साहब अकेले थे। तीन मेम्बर साहब वे थे जो कि आज ओपनली उनको अपोज कर रहे हैं। एक सर्राफ साहब थे जिन के बारे में उस वक्त कहा जाता था कि वह बख्शी साहब के साथ हैं। (Interruption)

श्री इन्द्रजीत लाल मल्होत्रा : अब भी हैं। अब क्या हो गया है?

श्री गोपाल दत्त मेंगी : मैं ठीक फैक्ट्स दे रहा हूं। अगर मैं गलती करूं तो आनरेबल मेम्बर मुझे दुरुस्त करें। मैं गलत बात नहीं कह रहा हूं।

मैं अर्ज कर रहा था कि उन्होंने १९५३ में यह काम शुरू किया और वह काम चला। एडमिनिस्ट्रेशन में उस वक्त बहुत बड़ी वीकनेस आ गई थी।

श्री काशी राम गुप्त (अलवर) : क्या माननीय सदस्य १९५३ में नैशनल कांफ्रेंस के मेम्बर थे या नहीं?

श्री इन्द्रजीत लाल मल्होत्रा : बहुत पहले से थे।

श्री गोपाल दत्त मेंगी : १९५७ में नैशनल कांफरेंस को दूसरा हादसा पेश आता है। १९५३ से १९५७ तक बख्शी साहब अकेले थे। बाकी चार वह सज्जन थे। १९५७ में जनाब सादिक साहब जिनकी एडमिनिस्ट्रेशन में बहुत बड़ी पोजीशन थी, जिनकी पार्टी की अक्सरियत थी कैबिनेट में और जिनका गलबा था एडमिनिस्ट्रेशन पर अपने कम्यूनिस्ट दोस्तों के कहने पर वहां से निकल गए और १९६० में वापस आए। उनके कम्यूनिस्ट दोस्त श्री राम प्यारा सर्राफ और श्री कृष्ण देव सेठी, जो कि आज भी कम्यूनिस्ट पार्टी के मेम्बर हैं, पीछे रह गए।

[श्री गोपाल दत्त मेंगी]

जब १९६० में वह वापस आए तो कैबिनेट की यह पोजीशन थी कि ११ में से सर्राफ साहब के साथ पांच सज्जन थे और बख्शी साहब के साथ छ: । १९६२ में जब नई कैबिनेट बनी तो ९ में से ४ वे थे और ५ बख्शी साहब के साथ थे । इसका मतलब यह है कि १९५३ से १९५७ तक वे ८० परसेंट और १९५७ के बाद वे ५० परसेंट के करीब रहे । और उनके पास पोर्टफ़ोलियोज़ क्या थे ? जनाब सादिक साहब और उनके साथियों के पास इंडस्ट्रीज ट्रांस्पोर्ट पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट और एड्केशन के महकमे थे । ये महकमे ऐसे हैं जिनके मुताल्लिक कहा जाता है कि वहां करप्शन थी ।

श्री इन्द्रजीत लाल मल्होत्रा : सब से ज्यादा करप्शन थी ।

श्री गोपाल दत्त मेंगी : मैं कहता हूं कि क्यों केवल बख्शी साहब को चुनते हैं विलिफ़ाई करने के लिए । आखिर उन्होंने मुल्क की खिदमत की है ।

बाकी जहां तक एडमिनिस्ट्रेशन के कमजोर होने का सवाल है, उस को टौन अप किया जाना चाहिए । यह जरूरी है । हम मानते हैं, हम कन्सीड करते हैं इस प्वाइंट को कि एडमिनिस्ट्रेशन कमजोर है । लेकिन उसकी वजह वही है जो कि मैंने बताई है । वहां पर यक्के-बाद-दीगरे जो पालीटिकल एक्सीडेंट्स हुए उनकी वजह से वहां पर एडमिनिस्ट्रेशन कमजोर हो गया । हम नन्दा साहब के मशकूर हैं, उनको धन्यवाद करते हैं, उन के कृतज्ञ हैं कि वह उस तरफ तवज्जह दे रहे हैं ।

मेरी अर्ज़ यह है कि वहां के हालात को ठीक पर्सपैक्टिव में देखना चाहिए और फिर वहां के बारे में फैसला करना चाहिए। विलिफ़िकेशन का जो कैम्पयन जारी हुआ है उसकी तरफ तवज्जह नहीं देनी चाहिए ।

श्री राधेलाल व्यास (उज्जैन) : अध्यक्ष महोदय, उपराष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर जो धन्यवाद का प्रस्ताव सदन के सामने है मैं उसका हृदय से स्वागत करता हूं ।

उपराष्ट्रपतिजी ने अपने भाषण में सब से पहले हमारे देश की समाज व्यवस्था की ओर ध्यान आकर्षित किया है । यह ठीक है कि आज यह हमारा लक्ष्य है और उस ओर हमें जाना है । लेकिन जिस रफ्तार से हम जा रहे हैं उसको देखते हुए ऐसा लगता है कि अपने लक्ष्य और ध्येय को हासिल करने के लिए शायद कई साल लग जायें और हमको काफ़ी लम्बी मन्ज़िल पार करनी पड़े । हमारे देश में आबादी बहुत तेजी से बढ़ती जा रही है । एक करोड़ से भी ज्यादा आबादी प्रति-वर्ष बढ़ती जा रही है । गरीबी काफ़ी है और हमारी रोज की आवश्यकता की जो वस्तुयें हैं, खाद्य पदार्थ हैं, उनके भाव काफ़ी बढ़ते जा रहे हैं । आखिर लोंगों के सन्तोष की कोई सीमा भी होती है । आपको मालूम है कि माननीय सदस्य श्री म० ला० द्विवेदी ने बताया कि सात आठ दिन पहले ही उन के यहां एक नगर में लोगों ने अनाज को लूट लिया । और जगह भी ऐसी बातें हुईं ऐसा उन्होंने कहा ।

तो परिस्थिति बहुत ज्यादा गम्भीर है । यह सही है कि जहां तक सरकारी कर्मचारियों का सवाल है, हमारा शासन कुछ महंगाई भत्ता बढ़ा दे, लेकिन जो करोड़ों लोग देश में निवास करते हैं, उनको राहत इस तरह से नहीं पहुंचाई जा सकती है । १९४७ से मैं अनाज के मसले को, अनाज के उत्पादन और उसके वितरण के मसले को देख रहा हूं । हर साल मैंने इसको देखा है, इसका अध्ययन किया है और मैं प्रति वर्ष इस पर अपने कुछ न कुछ विचार रखता आ रहा हूं । लेकिन यह मसला अभी तक हल नहीं हो सका है ।

जितना अनाज हम १६४७–४८ में बाहर से मंगाते थे, उस से बहुत ज्यादा अनाज आज भी हम बाहर से मंगा रहे हैं। यह भी सही है कि जमीन की पैदावार काफी बढ़ी है, इर्रिगेशन भी काफी बढ़ा है, और अनाज का प्रति-एकड़ उत्पादन भी बढ़ा है, लेकिन फिर भी हम देखते हैं कि आज अनाज के भाव काफ़ी बढ़ते जा रहे हैं। इसका कारण केवल यह है कि हमारे यहां हमारी आवश्यकता की तुलना में कम अनाज पैदा हो रहा है और अगर अधिक पैदावार हो, तो भाव गिर सकते हैं।

मैं शासन से निवेदन करूंगा कि वह इस प्रश्न पर बहुत गम्भीरता से विचार करे और जल्दी से जल्दी ऐसे कदम उठाए, जिससे लोगों को सही रूप से राहत मिले।

डा० मा० श्री० अण (नागपुर) कौन से कदम ?

श्री राधेलाल व्यास : अपनी छोटी समझ के माफ़िक मैंने इस पर सोचा है और अपने विचार मैं इस सदन के सामने रखना चाहता हूं। १६४७ में यहां पर पहली फूड मिनिस्टर्ज़ कांफ़्रेंस हुई थी, जिस समय आदरणीय स्वर्गीय डा० राजेन्द्र प्रसाद फूड मिनिस्टर थे। उस कांफ़्रेंस को मैंने एटेंड किया था और मेरे सामने उस समय का दृश्य है, जब कि सब स्टेट्स के फूड मिनिस्टर्ज़ यहां आए थे। महात्मा जी उस वक्त मौजूद थे। वह कंट्रोल के खिलाफ़ थे। डा० राम मनोहर लोहिया महात्मा जी के साथ ही उन दिनों रहा करते थे सलाह-मश्वरा देने के लिए। उस फूड मिनिस्टर्ज़ कांफ़्रेंस में सिर्फ दो फूड मिनिस्टर्ज़ इस पक्ष में थे कि कंट्रोल नहीं रहना चाहिए और बाकी सब मिनिस्टर्ज़ कंट्रोल को हटाए जाने का विरोध करते थे और चाहते थे कि कंट्रोल रहें, कंट्रोल नहीं हटने चाहिएं। इसके बावजूद महात्माजी के आग्रह से कंट्रोल हटे। नतीजा क्या हुआ? पहले गेहूं का भाव १२, १३ रुपये मन था, लेकिन वह २२, २४ रुपने मन तक पहुंचा। १६४८ में ग्वालियर स्टेट और मध्य भारत में बीज देने के लिए गेहूं नहीं था। मुझे मालूम है कि हम लोगों को पंजाब और उत्तर प्रदेश से बीज के लिए २२ रुपये मन गेहू खरीदना पड़ा था। उसके बाद भाव और बढ़े।

अगले साल १६४८ में दूसरी फूड मिनिस्टर्ज़ कांफ़्रेंस हुई। उस समय भी एक विचित्र दृश्य देखने को मिला। फूड मिनिस्टर्ज़ यह चाहते थे कि जो कुछ हो गया, हो गया, अब कंट्रोल नहीं रखना चाहिए, लेकिन उसके बावजूद कंट्रोल लगा। कंट्रोल लागू किया गया और भाव गिरे और भाव को गिराने के लिए जो कुछ भी किया जा सकता था, वह हुआ। उसके बाद वातावरण कुछ बदला। कभी कंट्रोल हटा, कभी ज़ोन बने। अब शक्कर पर फिर इस तरह का कंट्रोल आया है। इस तरह का यह वीशस सर्कल चल रहा है और इसका हल नहीं हो पाया है। इसके लिए, कोई लम्बी नीति—पन्द्रह बीस साल के लिए कोई नीति—सोचनी होगी। हर साल के लिए अलग नीति निर्धारित करने से यह समस्या हल नहीं होगी। मेरा सुझाव है कि इस पर विचार किया जाये, क्योंकि इतना अनाज एकदम दो चार साल में पैदा नहीं हो सकता है और, जैसा कि मैंने अभी निवेदन किया है, आबादी एक करोड़ प्रति वर्ष के हिसाब से बढ़ती जा रही है। उसको देखते हुए भी हम को दस पन्द्रह साल के लिए कोई योजना बनानी होगी।

मेरी अपनी छोटी समझ के माफ़िक मेरा सुझाव यह है कि सब से पहला काम यह करना चाहिए कि जो पांच लाख की आबादी के शहर हैं, वहां पर बिल्कुल स्टेटुटरी राशनिंग होनी चाहिए और यह व्यवस्था होनी चाहिए कि एक आदमी को जितना खाने के लिए आवश्यक है, उतना पूरा अनाज—चाहे वह गेहूं हो या ज्वार हो, या चावल, कुछ भी हो—नियत भाव से बराबर मिल

[श्री राधेलाल व्यास]

जाये । अगर उसके यहां मेहमान वगैरह कोई आ जाए तो एक दो घंटे के अन्दर उसका राशन कार्ड बन जाना चाहिये और वह उसको मिल जाना चाहिये । राशन शाप्स से उसको राशन मिलने की व्यवस्था होनी चाहिए । अगर इस तरह को व्यवस्था कर दी जाए तो बहुत अच्छा होगा । बड़े बड़े शहरों में इस तरह का व्यवस्था हो जानी चाहिए । ज्यादा अच्छा हो कि अगर एक लाख से ऊपर वाली आबादी के जो हमारे यहां सौ के करीब नगर हैं, उन में स्टेचुटरी राशनिंग कानून के अनुसार कर दिया जाए । इससे बहुत सी शिकायतें लोगों की जो महंगाई के बारे में हैं, दूर हो सकती हैं । इससे जो अनाज इधरसे उधर और उधर से इधर जाता है उसकी रुकावट भी हो जाएगी। तीन साल पहले हमने देखा है कि हमारे मध्य प्रदेश से यहां जुआर आई थी । इसके बाद वहां ज्वार के भाव बढ़ गए । फिर यहां से वापिस वह वहां भेजी गई । ये जो ट्रांस्पोर्ट बाटलनैक्स होते हैं, इधर से उधर माल जाता है, इसमें भी इससे कुछ सुधार होगा और लोगों को अनाज मिल सकेगा । छोटे कस्बों और देहातों में भी जो अनाज मिलना चाहिए, इस तरह से वह भी मिल सकेगा ।

17 hrs.

यह कहा जाता है कि हम फेयर प्राइस शाप्स कायम करते हैं । हमारे यहां करीब डेढ़ अरब से भी ऊपर का अनाज बाहर से आता है । मेरा निवेदन यह है कि यह कोई हल नहीं है . . . .

अध्यक्ष महोदय : अगर माननीय सदस्यों को एतराज न हो तो वह अपना भाषण समाप्त कर लें और हम पांच सात मिनट और बैठ जायें ।

कुछ माननीय सदस्य : कोई ऐतराज नहीं है ।

श्री राधेलाल व्यास : फेयर प्राइस शाप्स कोई इलाज नहीं हैं । इस में यह भी होता है कि कुछ लोगों को जिन को महंगाई की वजह से जरूरत नहीं भी होती है वे भी बाजार में जा कर खरीद लेते हैं और फिर जा कर बेच देते हैं और दुकानदार लोग उसको लोकल इंडीजीनस व्हीट में मिला कर ज्यादा भाव पर बेच देते हैं । होना यह चाहिए कि जितना राशन हो उतना ही लोगों को मिले और वे उसको बेच न सकें । और अगर बेचें तो उसके लिए कड़ी से कड़ी कानूनी सजा निर्धारित हो ।

आज शक्कर का भी यही हाल है । उस की कोई ठीक व्यवस्था नहीं है । आज लोगों को शक्कर मिल नहीं रही है । देहाती लोगों को तो बहुत ज्यादा तकलीफ हो रही है । वहां पर वितरण की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है । यहां कह दिया जाता है कि इस काम को राज्य सरकारों पर छोड़ दिया गया है और वे जिस तरह से चाहें वितरण करें । यह काफी नहीं है । इस को ले कर लोगों में असंतोष फैला हुआ है । सभी को यह जो चीज है, भुगतनी होगी । खास तौर से केन्द्र की जो सरकार है, उसकी भी जिम्मेदारी इस में आ जाती है । वह इस से बच नहीं सकती हैं । अगर कंट्रोल किया है तो समुचित वितरण भी होना चाहिये, उसकी भी सन्तोषजनक व्यवस्था की जानी चाहिये, चाहे एक महीने में एक पाउंड एक आदमी को ही क्यों न दी जाय या आधा पाउंड ही क्यों न दी जाय । ठीक ढंग से और समय पर लोगों को चीज मिलनी चाहिये, शक्कर मिलनी चाहिये । मैंने अपने यहां देखा है, मध्य प्रदेश में, उज्जैन में देखा है कि चाहे किसी परिवार में पंद्रह आदमी हों या एक आदमी, एक किलो वह चाहे तो रोजाना दुकान से जा कर ला सकता है । इस का नतीजा यह होता है कि जिन का यह धंधा है, जो इस धंधे वाले लोग हैं, वे सौ लोगों की या इससे भी ज्यादा की क्यू में खड़े हो कर ले आते हैं और जिन को वाकई में जरूरत होती है वे वंचित रह जाते हैं । कारण यह है कि ठीक व्यवस्था अभी तक नहीं की गई है । मेरा कहना यह है कि ठीक वितरण होना चाहिए ।

जहां तक अनाज का सम्बन्ध है, आप राशनिंग कर दें बड़े बड़े शहरों में । टोटल प्रोक्योरमेंट होना चाहिये । जो बीच के व्यापारी हैं, जो भाव बढ़ाते हैं यहां से वहां और वहां से यहां पहुंचा कर के, उन पर रोक लगनी चाहिये । मैं यह नहीं कहता हूं कि स्टेट सब काम अपने हाथ में ले ले । लेकिन मैं यह जरूर कहना चाहता हूं कि व्यापारियों के संघ बना दिये जायें, उनके लिए नियम बना दिये जायें और उन नियमों के अनुसार ही उन को खरीदने की इजाजत हो और जो मुनाफा निर्धारित हो उससे अधिक वे न ले सकें, इस तरह की व्यवस्था कर दी जाय । अगर अनाज बाहर भेजना हो, तो वहीं भेजा जाय जहां गवर्नमेंट कहे । जिस स्टेट को जरूरत हो उस स्टेट को वह जायगा, लेकिन व्यापारियों के पास मुनाफाखोरी के लिए नहीं जायगा । अगर इस तरह की व्यवस्था कर दी गई और उसके साथ ही किसान को ठीक भाव दिया गया तो लोगों को सन्तोष भी होगा और पैदावार भी बढ़ेगी । आप आज जब यह कहते है कि बारह या चौदह रुपये मन खरीदेंगे तो इस से किसान को सन्तोष नहीं हो सकता है, वह इस भाव पर नहीं दे सकता है । सरकार को देखना होगा कि किसान को ठीक भाव अनाज का मिले और अगर ऐसा हो गया तभी किसान का इंटिरेस्ट उस में होगा और तभी उसका उस में दिल लगेगा, दिलचस्पी बढ़ेगी और वह अधिक से अधिक अनाज पैदा करने की कोशिश करेगा । इसलिए मेरी प्रार्थना है कि ठीक भाव मुकर्रर किए जाएं । इंग्लैंड में यह तरीका है कि साल शुरू होने के पहले ही भाव निर्धारित कर दिये जाते हैं एग्रिकलचरल प्रोडक्ट्स के, चाहे वह दूध हो, ऊन हो, गन्ना हो, अनाज हो और अगर किसान को कम भाव मिलता है तो बाजार में जहां वह बेचेगा वहां से एक सर्टिफिकेट ले कर सरकार के सामने पेश कर देगा और जो कमी होगी उसकी पूर्ति कर दी जाती है और इसकी सारी जिम्मेदारी सरकार अपने ऊपर लेती है । साथ ही अनाज की पैदावार बढ़ाने के लिए सभी सम्भव प्रयत्न किये जाने चाहियें । अच्छा खाद, अच्छा बीज, रुपया, इरिगशन फैसिलिटीज़ आदि सब मुहैया करनी होंगी । मार्किट को भी कंट्रोल करना होगा । साथ ही साथ स्टोरेज का अच्छा इन्तज़ाम भी आप को करना होगा । वितरण की भी समुचित व्यवस्था होनी चाहिये । जब यह सब कुछ होगा तभी यह काम चल सकता है, अन्यथा नहीं ।

मैं यह भी चाहता हूं कि जो एग्रिकलचरल बोर्ड है, उसको कुछ अधिक अधिकार दिये जायें । आज जिस तरह से जल्दी जल्दी परिवर्तन होते हैं शासन तंत्र में, आज कोई मंत्री आया, कल कोई दूसरा आ गया और परसों कोई तीसरा आ गया और सभी अपनी अपनी अलग अलग सोच समझ के मुताबिक काम करते हैं, ये नहीं होने चाहियें । इस मसले को इस तरह के परिवर्तनों से दूर रख कर तथा एग्रिकलचरल बोर्ड को अधिक से अधिक अधिकार दे कर तथा बोर्ड पर इसकी जिम्मेदारी डाल कर, हमें हल करना होगा । हमें बतलाना होगा कि एग्रिकलचरल बोर्ड को इस प्रश्न को हल करना है, हिन्दुस्तान को इस प्रश्न को हल करना है और साथ ही साथ हमें लोगों को समय पर अनाज पहुंचाना है । इस प्रश्न को सब से अधिक प्राथमिकता देने की जरूरत है । आज लोग बचैन हो रहे हैं, घबरा रहे हैं इस महंगाई के मसले को ले कर । अब भी अगर गवर्नमेंट ने किसी तरह की उपेक्षा दिखाई और इस समस्या को उपेक्षित रखा तो लोगों का जो संयम है, वह टट जायगा और सरकार बहुत अधिक लोकप्रिय नहीं रह पायेगी । साथ ही साथ लोगों की तकलीफ भी बढ़ जायेगी । इतना ही मुझे कहना है ।

17.06 hrs.

STATEMENT *RE*: MISSING I.A.F. AIR CRAFT

The Minister of Defence (Shri Y. B. Chavan): Sir, I regret to inform the House that one of the IAF transport aircraft on its way from Srinagar to Udhampur on the evening of 17th February 1964, carrying Major General R. S. Garewal, Divisional Commander and Brigadier J. M. Das with staff, is missing since 1611 hours and is still untraced. They were proceeding to Udhampur on duty. To convey them from Srinagar to Udhampur, an Illyushin-14 aircraft was sent from Jammu. The aircraft took off from Srinagar at 1500 hours and was in contact with the ground station until 1532 hours after which two-way contact with the aircraft was lost. At about 1611 hours, however, Pathankot airbase heard the aircraft calling up Jammu airfield.

The aircraft is still reported missing. Search for the missing aircraft could not be commenced till 1010 hours this morning due to bad weather. However, with weather conditions improving, the search for the missing Illyushin has commenced and it is being intensified further.

Following are the names of the crew and passengers in the aircraft:

Crew:

(1) Squardon leader K. G. Kanitkar.
(2) Pilot Officer A. C. Vig.
(3) Sgt. H. A. Kanungo.
(4) Sgt. P. S. Parmar.

Passengers:

(1) Maj Gen R. S. Garewal
(2) Brigadier J. M. Das
(3) Maj Niranjan Singh
(4) Second Lieut. V. K. Sharma
(5) Capt. G. B. Gairolla
(6) Aircraftman W. G. Saale
(7) Sepoy Jaint Singh
(8) Lance Naik Joginder Singn Parmar
(9) Lance Naik Gurdev Singh.

The next of kin have been informed.

Shri Hari Vishnu Kamath (Hoshangabad): Sir, on a point of clarification. This is a tragedy too sad for words. Tragedy is piling on tragedy since November. I do hope that the Government will not just as usual conduct a departmental enquiry. May I entreat the Government through you, when tragedies are mounting one upon another like this, and suggest that this calls for a serious inquiry, a thorough inquiry by a Parliamentary Commission assisted by experts that may be available for that purpose? It is not an ordinary enquiry that I want. An ordinary enquiry will not do in this matter.

Shrimati Renu Chakravartty (Barrackpore): May I ask whether this particular accident took place along the same lines where the accident took place last year? Is it very far? How far is it from the frontier? What are the suspicions?

Shri Y. B. Chavan: I do not think it was in the same place where the last accident took place; that was a Dakota which met with an accident somewhere near the Banihal pass. From information available, one can only infer now whether an accident has taken place or not.

Shrimati Renu Chakravartty: We ask about the one that took place near Poonch.

Shri Y. B. Chavan: No, no. It is a quite different area.

Shri Ranga (Chittoor): Is it sabotage? This is the second incident, and in between the MIGs also collapsed sometime ago in the Kashmir area. There must be some serious enquiry.

Shri Y. B. Chavan: The MIGs accident took place in Chandigarh.

Shri Hari Vishnu Kamath: May I request you, Sir, to suggest that the House stands for a while as a mark of respect to the memory of those who died? (*Interruption*).

Some Hon. Members: No, no. The aircraft is only missing.

Shri Hari Vishnu Kamath: I am sorry. Let us hope they all survive.

Shri Y. B. Chavan: The aircraft is missing.

Mr. Speaker: Yes; let us still hope that there might be some survivors and an enquiry would be conducted with zeal and with effort. Let us await the result that we get after the enquiry. Of course, this news has caused us great anxiety. I hope the hon. Minister would give us further news as early as possible when he gets it.

Shri Y. B. Chavan: Yes, Sir.

17.11 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday, February, 19, 1964/*Magha* 30, 1885 (*Saka*).

GMGIPND—RS—2099 (Ai) LSD—27-2-64—984